# रंगों की फुहार नहीं, शराब की है बहार

## एक सप्ताह में कोयलांचल में लाखों की नकली व अवैध शराब जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** होली को लेकर अभी सड़कों व गलियों में रंग की फुहार नहीं गिरी है लेकिन शराब की बहार आ गयी है। चौक.चौराहों पर देर रात तक देशी. विदेशी शराब की बोतलें सुलभ रूप से उपलब्ध मिल जा रही है। असली.नकली की पहचान सेवन करने वाले जाने।

निर्धारित समय के बाद सुलभ रूप से शराब उपलब्ध होने का सबसे बड़ा सेंटर स्टेशन रोड और बरटांड़ बस स्टैंड बन गया है। वह भी फूल या हॉफ नहीं पौवा मिलेगा। उत्पाद विभाग से अनुज्ञप्ति प्राप्त दुकानों में हर साइज की बोतलें मिलती हैं लेकिन क्वाटर साइज का सीधा मतलब नकली शराब से जुड़ जाता है। शनिवार को बरटांड़ बस स्टैंड पर एक बस से लगभग 20 बड़े.बड़े कार्टून उतरे। थ्री लेयर में पैक अर्थात पहले कार्टून फिर प्लास्टिक पैकिंग और उसके बाद सफेद बोरे की चट्टी से सिलाई। बताया जाता है कि बस के खजाना से निकाल कर लगे अनेक टोटो पर लदायी के क्रम में एक कार्टून भरभरा कर फट गया और देखते-देखते पौवा शराब की शीशियों का ढेर लग गया। आनन.फानन में उसे समेट कर बस के सीट कवर से ढंक तस्कर टोटो सहित फरार हो गये। बताते हैं कि ऐसी शराब गिरिडीह और निरसा की ओर से आती है।

### पुटकी से नकली विदेशी शराब बरामद



**पुटकी।** पुटकी के श्रीनगर कॉलोनी में पुलिस ने शनिवार को चंदन पासवान और मनोज पासवान के आवास से बारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की। पुटकी थाना प्रभारी मनोहर करमाली ने बताया कि वरीय अधिकारी के आदेशानुसार होली पर्व और लोकसभा चुनाव को लेकर पूरे जिले में अभियान चल रहा है। गुप्त सूचना मिली थी कि भारी मात्रा में नकली अंग्रेजी शराब बाजारों में खपाने की तैयारी चल रही है। सूचना के आधार पर छापेमारी की गई और किंग बियर 32 पीस, बी 7-180 एमएल के 44 बोतल, मेंग डॉग नं-1-180 एमएल 29 पीस, बी 750 एम एल एक और 375 एमएल 5 बोतल बरामद हुई। बरामद शराब की कीमत लगभग पंद्रह हजार रुपये आंकी गई है। छामेमारी में पुअनि गिरिधारी कुमार साव, उपेंद्र यादव, मिथिलेश कुमार मांझी, बिटिया मरांडी आदि शामिल थे। किसी की गिरफ्तारी की सूचना नहीं है।

### एक सप्ताह में आठ लाख का शराब बरामद

उत्पाद विभाग का दावा की पिछले एक सप्ताह के दौरान आठ लाख रुपये से अधिक शराब को बरामद किया गया है। तोपचांची के रंगाडीह गांव से 15 पेटी नकली शराबए धनसार के अनुग्रह नगर से 96 पेटी अवैध शराब विनोद नगर से नकली विदेशी शराब की फैक्ट्रीए मैथन चेकपोस्ट पर बंगाल से आ रही अवैध शराब को बरामद किया गया है। मैथन भूदा टुंडी धैय तेलीपाड़ा गोविंदपुर राजगंज सहित जीटी रोड के किनारे जंगलों में देशी.विदेशी शराब बनाने की अनेक फैक्ट्रियां कार्यरत है। ऐसी जगहों पर पौवा शीशियों में शराब की पैकिंग की जाती जिसकी मांग और बिक्री अधिक होती है। बंदी के दिनों में लाइन होटलें मयखाना में तब्दील हो जाती हैं। शहर और आसपास के कबाड़ीखानों में भी ऐसी ही शीशियों की मांग होली में बढ़ जाती है। विभाग का दावा है कि जहां से भी इस प्रकार की सूचना मिलती है, तुरत कार्रवाई की जाती है। विभाग की ओर से भी धनबाद जिले को 44 करोड़ रुपये का टारगेट दिया गया है जिसके लिए भी नकली व अवैध शराब की रोकथाम आवश्यक है।

## स्पीड न्यूज

### बलियापुर पुलिस ने नष्ट किया 700 किलो जावा महुआ

**सिंदरी/बलियापुर।** वरीय पुलिस अधीक्षक हृदय पी जनार्दन के आदेशानुसार पूरे धनबाद जिले में अवैध शराब को लेकर लगातार छापेमारी की जा रही है। इसी कड़ी में बलियापुर थाना अंतर्गत जोगनकोच्चा व आमटाल में छापेमारी की गई। हालांकि इसमें कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। बलियापुर थाना प्रभारी आशीष भारती ने बताया कि शनिवार को दो जगहों पर छापेमारी में जोगनकोच्चा में लगभग 200 किलो और आमटाल में लगभग 500 किलो जावा महुआ नष्ट किया गया है। उन्होंने कहा कि अपराधियों पर नकेल कसते हुए लगातार छापेमारी की जा रही है। इसके साथ ही कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

### ईसाई धर्मावलंबियों का खजूर पर्व आज

**धनबाद।** ईसाई धर्मावलंबियों का खजूर पर्व आज मनाया जाएगा। पर्व को लेकर शहर के संत अंथोनी चर्च और संत मैरी चर्च में सभी तरह की तैयारियां पूरी कर ली गई। इस संबंध में संत अंथोनी चर्च के सदस्य शिशिर प्रभात तिर्की ने बताया कि यह ईसाई समुदाय का बहुत ही महत्वपूर्ण त्योहार है। प्रभु यीशु जब अपने घर विजयी होकर येरूशलम लौटे थे तो वहां के लोगों ने खजूर की डाली लहराते हुए उनका स्वागत किया था। तभी से यह त्योहार हर साल प्रभु के स्वागत में मनाया जाता है। सुबह चर्च में प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें भारी संख्या में लोग शामिल होंगे।

### शहीद भगत सिंह की शहादत दिवस मनाया

**मैथन।** डीवीसी श्रमिक यूनियन के मैथन कार्यालय में शनिवार को श्रमिक यूनियनए महिला समिति एवं जनवादी नौजवान सभा ने शहीद ए आजम भगत सिंह की शहादत दिवस के अवसर पर शहीद दिवस मनाया। कार्यक्रम में भगत सिंह की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया एवं आजादी के लड़ाई में तमाम शहीदों को स्मरण में 1 मिनट मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इसके बाद आयोजित संकल्प सभा में केके त्रिपाठीए जी रामए एसके घोषए नीतीश मुखर्जी आदि वक्ताओं ने भगत सिंह के विचारधारा और देश को आजाद करने में उनकी भूमिका के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। सभा की अध्यक्षता केके त्रिपाठी ने कियाए जबकि संचालन धर्मदेव सिंह ने किया। सभा में महिला समिति की कुमारी सपना वीणा पांडेय रेखा मुखर्जी कावेरी आड्या अपर्णा रुद्रा मौमिता मंडल रेखा मुखर्जी अनीता महतो डीवीसी श्रमिक यूनियन के लालजीत चटर्जीए प्रशांत कविराज धर्मदेव सिंह निशीत मुखर्जी भारत के जनवादी नौजवान सभा के कार्तिक घोषए साबिर बास्कीए गौरव चक्रवर्ती संजय साहू उपस्थित थे।

# सीएमपीडीआईएल भवन में लगी आग, लाखों रुपये का नुकसान



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** सरायढेला थाना क्षेत्र के कोयला नगर स्थित सीएमपीडीआईएल भवन में शुक्रवार की देर रात करीब दो बजे आग लग गई। आग तीसरे तल्ले में लगी, जिससे आग की चपेट में कई दफ्तर आ गए। दस्तावेज एवं कप्यूटर आदि जलकर राख हो गए। भवन में आग लगने की जानकारी सीआईएसएफ को मिली। आनन फानन में माइंस रेस्क्यू स्टेशन एवं फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। रात तीन बजे तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची। सुबह छह बजे तक अग्नि शमन की छह गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया जा सका। अभी सीएमपीडीआईएल के अधिकारियों की ओर से आग से नुकसान की जानकारी नहीं दी गई है। अधिकारियों का कहना है कि घटना का आकलन किया जा रहा है। आग किस कारण से लगी, कितने का नुकसान हुआ, यह पूरे आकलन के बाद ही बताया जा सकता है।

# मारवाड़ी महिला सम्मेलन के होली मिलन में गीत-संगीत पर थिरके



खबर मंत्र संवाददाता

**गोविंदपुर।** मारवाड़ी महिला सम्मेलन गोविंदपुर शाखा की बहनों ने शनिवार को रतनपुर में प्रभा सरिया के परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। समारोह में सभी सदस्य एक परिधान में सुसज्जित थी। इस अवसर पर गीत और नृत्य का कार्यक्रम हुआ। फूलों और गुलाल की होली खेली गई। सदस्यों ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली की बधाई दी। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रेणु दुदानी ने कहा कि यह त्योहार हमें एक दूसरे के करीब लाता है। संबंधों का विकास होता है। होली खेले रघुवीरा और रंग बरसे भीगे चुनरवाली पर महिलाओं ने नृत्य किया। पूर्व प्रांतीय सचिव सरोज सरिया, शाखा अध्यक्ष रीता संघी , सचिव विमला शर्मा, कोषाध्यक्ष सुनीता संघी, प्रभा सरिया सहित समिति की सारी सदस्य शामिल हुई।

# पुलिस की नशेड़ियों और हुड़दंगियों पर पैनी नजर रहेगी : आकृष्ट अमन

खबर मंत्र संवाददाता

**मैथन।** होली पर्व एवं पवित्र रजमान को लेकर शनिवार को मैथन ओपी परिसर में ओपी प्रभारी आकृष्ट अमन की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक सह होली मिलन समारोह का आईजन किया गया। बैठक में एग्यारकुण्ड प्रखंड के बीडीओ मधु कुमारी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थी। बीडीओ मधु कुमारी ने कहा कि होली एवं रजमान पर्व आपसी सदभाव व शांतिपूर्ण ढंग से सभी लोग मनाए। ऐसा कुछ न करें कि किसी को भावना को ठेस पहुंचे। प्रशासन ऐसा करने वाले के विरुद्ध कड़ी कारवाई करेगी। मैथन ओपी प्रभारी आकृष्ट अमन ने कहा कि पुलिस प्रशासन द्वारा पर्व के दौरान नशेड़ियोंए हुड़दंगियों पर नकेल कसने के लिए विशेष रणनीति बनाई गई है। उन्होंने सभी से शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने की आग्रह किया। कहा कि होली के दिन डीजे एवं अश्लील गानों पर प्रतिबंध लगाया गया है। क्षेत्र में पुलिस दल लगातार गश्ती करती रहेगी। कहा कि पुलिस की हुड़दंगियोंए नशेड़ियोंए मनचलोंए बाइकर्स आदि पर पैनी नजर रहेगी। साथ ही सोसल मिडिया पर अफवाहों फैलाने वालों पर भी पुलिस नजर रखेंगी। ओपी प्रभारी ने आमलोगों के लिए हेल्पलाइन नंबर ;मोबाईल.7004476807द्ध जारी करते हुए कहा कि इस नंबर कोई भी किसी भी घटना व दुर्घटना की सूचना दे सकता हैं। पुलिस त्वरित कारवाई करते हुए आपकी हरसंभव मदद करेगी। बैठक में मुखिया मनोज रावतए रविंद्र साहनीए अजय मुर्मूए प्रेम सिंहए संजय यादव अफजल खान पुनम खटिक कृष्णा चौधरी कृष्णा चौधरी अमर साव कंचन महतो अकिचद महतो पंचम चौधरी राहुल तिवारीए अक्षय राम मनोज ओझा मौजूद थे।

# चुनाव में सेक्टर मजिस्ट्रेट, सेक्टर पुलिस ऑफिसर की भूमिका महत्वपूर्ण : उपायुक्त




खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद ।** लोकसभा चुनाव को लेकर शनिवार को न्यू टाउन हॉल में सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस ऑफिसर को प्रशिक्षण दिया गया। उपायुक्त माधवी मिश्रा ने कहा कि चुनाव में सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस ऑफिसर की अति महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराना उनकी जिम्मेदारी है। प्रशिक्षण के हर निर्देश को गंभीरता से लेंगे और उसका पालन करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी संयुक्त रूप से बूथ का भ्रमण कर बूथ की वल्नेरेबल मैपिंग वीएम एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी एएमएफ की रिपोर्टए भवन की स्थितिए थाना एवं प्रखंड मुख्यालय से बूथ की दूरीए आसपास के स्वास्थ्य केंद्रों की दूरी, इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम की जानकारी मंगलवार को उपलब्ध कराए।

वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप जनार्दनन ने कहा कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा सेक्टर पुलिस ऑफिसर इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया की मैनुअल को ध्यान से पढ़कर उसी के अनुसार अपनी ड्यूटी करें। ज्ञात हो कि लोकसभा चुनाव के लिए 38 सिंदरी विधानसभा में 48 सेक्टर मजिस्ट्रेट 39 निरसा में 45 40 धनबाद में 45 41 झरिया में 42 42 टुंडी में 44 तथा 43 बाघमारा विधानसभा क्षेत्र में 16 सेक्टर मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की गई है। मास्टर ट्रेनर दिलीप कुमार कर्ण राजकुमार वर्मा एवं संजय कुमार ने सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस ऑफिसर को मतदान दिवस से पहले व मतदान के दिन की जिम्मेदारीए बूथ व्यवस्थाए पोलिंग एजेंटए वेब कास्टिंगए मूवमेंट प्लानए रूट चार्ट का निर्धारणए मतदाता सहायता बूथए पहचान पर्ची का वितरण सहित अन्य बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया।

# राकोमयू के होली मिलन में रंगों की बहार

- सभी ने एक दूसरे से गले मिल कर दूर किये शिकवे-गिले



खबर मंत्र संवाददाता

**धनबाद।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन एरिया-4, शाखा ने शनिवार को सिजुआ स्टेडियम में होली मिलन समारोह आयोजित किया, जिसमें यूनियन के सभी एरिया के प्रतिनिधि शामिल हुए। यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह व महामंत्री एके झा सहित यूनियन के पदाधिकारियों ने एक दूसरे को अबीर और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि होली पावन पर्व है, जिसमें जाति और धर्म से ऊपर उठकर सारे मतभेद भुलाकर प्रेम और भाईचारे के साथ होली पर्व मनाते हैं। राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन ने होली मिलन समारोह के जरिये समाज के बीच भाईचारा का संदेश देने की पहल की है। उन्होंने यूनियन के सभी नेताओं, कोयला मजदूरों के साथ जिला एवं राज्यवासियों को होली की शुभकामनाएं दी।

### समारोह में ये लोग हुए शामिल

समारोह में यूनियन के रणधीर ठाकुर, लगनदेव यादव, बैभव सिन्हा, एस के शाही, रामचंद्र पासवान,रणधीर सिंह,अशोक लाल,सुरेंद्र यादव, प्रदीप राय, इंदल यादव, रवि चौबे, दयाल महतो, शकील अहमद,अमरेंद्र चौधरी, नुनू लाला पासवान, गोपाल गोस्वामी, संजय निषाद, महेश निषाद, सुनील राय, बिरेन्द्र पासी, कृष्णा सिंह, केपी श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

# सरकारी व निजी संस्थानों में वेतन नहीं मिलने से कर्मियों में निराशा

खबर मंत्र संवाददाता

**धनबाद।** जिले में होली के त्योहार को लेकर कहीं खुशी, कहीं गम की स्थिति है। सरकारी व निजी कार्यालयों में कार्यरत कुछ कर्मियों को वेतन मिला है, वहीं कई ऐसे हैं, जिनके खाते में शनिवार को भी वेतन नहीं पहुंचा। रविवार को साप्ताहिक अवकाश है और उसके अगले दो दिन होली की छुट्टी है। ऐसे में रही सही उम्मीद खत्म हो गई है। रेलवे के एक कर्मी ने बताया कि वेतन तो अपने समय पर ही मिलता है। होली में पहले पैसा नहीं मिलता है। त्योहार तो किसी तरह मनाना ही है, अब कर भी क्या सकते हैं। वेतन मिलता तो खुशी बढ़ जाती। नगर निगम के एक चतुर्थ वर्गीय कर्मी ने कहा कि आज वेतन का मैसेज मोबाइल में आया है, लेकिन बैंक ही बंद है। एटीएम से पैसा निकालते नहीं है। इसीलिए इसका अब कोई फायदा नहीं मिलने वाला है। होली फीकी रहेगी। निजी कंपनी में काम करने वाले सेल्समैन बताया कि उन्हें समय पर कभी वेतन नहीं मिलता है, तो होली में क्या मिलेगा। निजी कंपनियों की स्थिति बहुत खराब है। मगर क्या करें, काम तो कहीं न कहीं करना ही पड़ता है। यही हाल कई अन्य संस्थानों का भी है। मार्च महीने के आखिरी सप्ताह में होली का त्योहार आने के कारण बहुत से कर्मियों को वेतन की समस्या से जूझना पड़ रहा है। बहुत से कर्मियों को वेतन नहीं मिलने के कारण बाजार भी फीका है। लोग अपने बच्चों की खुशी के लिए बस जरूरी सामन खरीदने ही बाजार पहुंच रहे है।

## एक नजर में

### समाजसेवी ने लालमणि वृद्धाश्रम के लोगों के साथ मनाई होली



धनबाद। समाजसेवी उदय प्रताप सिंह ने शनिवार को आसनडाबर स्थित लालमणि वृद्धाश्रम में वृद्धजनों के साथ होली मनाई। सभी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की अग्रिम शुभकामनाएं दी। श्री सिंह ने कहा कि इन माता, बहन, भाइयों के साथ होली खेलने में जैसा आनंद आया, वह कहीं और नहीं मिल सकता। उन्होंने आश्रम और समाज के सभी लोगों को होली की शुभकामनाएं दी। मौके पर नौशाद गद्दी, ओंकार मिश्रा,सपन ओझा, प्रदीप ओझा, बृजेश्वर सिंह,प्रज्ञा कुमारी, शंकर प्रसाद,अजय पांडे, विक्रम सिंह,अमरजीत पासवान आदि मौजूद थे।

### रोटी बैंक ने किया होली मिलन समारोह




**धनबाद।** रोटी बैंक संस्था ने हीरापुर स्थित गीताश्री मंडप में शनिवार को होली मिलन का आयोजन किया। संस्था के सदस्यों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी। संस्था के अध्यक्ष रवि शेखर ने बताया कि इस समारोह में हम सभी एक एकता का परिचय देते हुए धनबाद क्षेत्र में मिलकर काम करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में महुआ दत्त , ऋषभ राज कश्यप,प्रीति सिंह, सोनम प्रसाद, अपर्णा लहरी, निधि कुमारी, सपना मोइत्रा, संजीव दत्ता ने सराहनीय योगदान दिया।

### पूर्वी टुंडी के स्कूलों में होली मिलन पर छात्र-छात्राओं ने मचाया धमाल

पूर्वी टुंडी। पूर्वी टुंडी प्रखंड अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में रंगों का त्योहार होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। छात्र-छात्राओं ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय लटानी में छात्राओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली पर्व की अग्रिम बधाई दी। छात्राओं ने गीतों, कहानियों के माध्यम से होली की विशेषता भी बताई। नया प्राथमिक विद्यालय हलकट्टा में छात्र-छात्राओं ने एक दूसरे को लाल, हरे एवं पीले अबीर लगाकर होली एक दूसरे को होली की बधाई दी। विद्यालय के शिक्षक अजीत पंडित, ने सभी छात्र-छात्राओं को होली सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि होली का पर्व हम लोगों को आपस में प्रेम करना तथा मिल जुल कर रहना सिखाता है। मौके पर झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय की वार्डन लुइस हेंम्ब्रम, शिक्षिका कविता कुमारी, मुनमुन गोराई ,तथा हलकट्टा विद्यालय के शिक्षक वासुदेव आदि मौजूद थे।

# लायंस क्लब ऑफ गोविंदपुर में होली मिलन, उड़े अबीर-गुलाल

**गोविंदपुर।** लायंस क्लब ऑफ गोविंदपुर की तरफ से शनिवार को होटल मधुबन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें क्लब के सभी सदस्य अपने- परिवार के साथ शामिल हुए और कार्यक्रम को बहुत ही मनोरंजक बनाने में सहयोग किया। डीजे लाइट्स फ्लोर साउंड के साथ कार्यक्रम का संचालन हुआ और क्लब के अध्यक्ष लायन डॉक्टर आरके शर्मा के मधुर गीतों से कार्यक्रम को रंगीन बनाया गया। क्लब के सभी सदस्यों एवं परिवार के सदस्यों ने होली मिलन समारोह का भरपूर आनंद उठाया। बच्चियों ने नृत्य से सभी का दिल जीत लिया। सभी ने विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट मधुर व्यंजनों का आनंद उठाया। क्लब के चेयरपर्सन लाइन प्रशांत सिंह का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान रहा। क्लब के अन्य सदस्य सचिव लायन एस के राय, कोषाध्यक्ष संदीप विश्वकर्मा, कमल अग्रवाल,अनुराग प्रदीप, केडीएन आजाद, रितेश शर्मा, राजेश जायसवाल , रोशन अग्रवाल ,संजय अग्रवाल मौजूद थे।

# भंडारा के साथ श्रीमद् भागवत कथा की पूर्णाहुति



खबर मंत्र संवाददाता

**गोविंदपुर।** श्री श्री राधा कृष्ण प्रेम मंदिर की ओर से कंगालो, लालबंगला में आयोजित सप्ताहव्यापी श्रीमद् भागवत कथा की पूर्णाहुति शनिवार को पूजन, हवन एवं भंडारा के साथ हुई । श्रद्धालुओं ने कथावाचक सुरेंद्र हरिदास महाराज को दक्षिणा के साथ विदाई दी। इस बीच धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, विश्व का कल्याण हो, प्राणियों में सद्भावना हो, विश्व का कल्याण हो आदि के जय घोष से माहौल गूंज उठा। इस आयोजन में सामाजिक कार्यकर्ता कमलेश कुमार गोप,धनेश्वर कुमार, राजकिशोर गोप ,संतोष सिंह, मनभरन पंडित, डीएन सिंह, तारापद कुंभकार, बिंदा देवी, अमरजीत सिंह, प्रदीप ठाकुर, विजय कुमार, रमेश चौहान, श्रीराम पाण्डेय, देवंती देवी, मुखिया रेशम कुमारी, नीतू शंकर , सुशीला देवी, सिंधु कुमारी, नीतेश कुमार गोप, छोटु यादव, सीताराम वर्मा, किशोर राय, प्रदीप राय, उमाकांत वर्मा, अमित कुमार, सुधीर सिन्हा, आनंद वर्मा, जमुना रविदास, संजय कुमार, रवि कुमार, विक्की राय आदि मौजूद थे।

# सभी कर्मियों का नाम वोटर लिस्ट में करें शामिल : उपायुक्त

**धनबाद।** समाहरणालय में शनिवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में वोटर अवेयरनेस फोरम की बैठक हुई। उपायुक्त ने कहा कि सभी कार्यालय प्रधान सुनिश्चित करें कि उनके सभी कर्मियों का नाम मतदाता सूची में शामिल है या नहीं। यदि नहीं है तो 27 अप्रैल 2024 तक वे अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा लें। उन्होंने सभी को अपने-अपने कार्यालय में मतदाता शपथ और स्वीप एक्टिविटी से संबंधित विभिन्न गतिविधियों के साथ कर्मियों को मतदान के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया। शहरी क्षेत्र के सभी सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों में वोटर अवेयरनेस फोरम का गठन करने की बात कही। सभी बैंक,कोचिंग सेंटर, सरकारी कार्यालय व प्रतिष्ठान, गैर सरकारी संगठन, पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग में निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन के तहत वोटर अवेयरनेस फोरम का गठन सुनिश्चित करने को कहा।

प्रशिक्षण कोषांग की ओर से मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से वोटर अवेयरनेस ग्रुप के निर्माण से संबंधित विभिन्न तथ्यों को समझाया।

# समाज निर्माण के लिए एकजुट होना जरूरी : आनंद महतो

## स्वतंत्रता संग्राम में सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर सेनानायकों को दी श्रद्धांजलि



खबर मन्त्र संवाददाता

सिंदरी। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर सेनानायकों शहीदे आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के 93 वें शहादत दिवस पर मासस परिवार ने सिंदरी चर्च हॉल में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्य अतिथि मासस केन्द्रीय अध्यक्ष सह सिंदरी के पूर्व विधायक आनंद महतो ने नम आंखों से उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। उन्होंने कहा कि राष्ट्र और समाज निर्माण के लिए एकजुट होना जरूरी है। युवा पीढ़ी को कम उम्र में भारत माता के लिए इन वीरों की शहादत पर चिंतन करना चाहिए। उन्हें उम्मीद थी कि उनके बलिदान के बाद लाखों की संख्या में उनके जैसे महान क्रांतिकारी हर घर से निकलेंगे और देश के हित में हमेशा डटे रहेंगे।

### इन्होंने अर्पित किया श्रद्धा सुमन

महान क्रांतिकारियों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर विचार रखने वालों में मासस केंद्रीय सचिव बबलू महतो, दिल मोहम्मद, जिला सचिव दिलीप महतो, महानगर सचिव विजय पासवान, मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो, मासस नगर सचिव राजीव मुखर्जी, मंगल महतो, जीतू सिंह, रोहित महतो, दिनेश महतो, अजीत मंडल, सुरेश प्रसाद, बबलू महतो, भानु रजक, राहुल सिंह, अनिल सिंह, दशरथ ठाकुर, बिरिंची महतो, रघु यादव, कमलेश पासवान, दीपक महतो, मनोज रवानी, राजू बाउरी, विशू बाउरी, वीरेंद्र सिंह, काली मंडल, प्रकाश मंडल, गंगाधर कर्मकार, संतोष हांसदा, सुभाष हांसदा, महानंद दास, गौतम रवानी, राजू यादव, भगत सिंह सहित कई मासस कार्यकर्ता शामिल हैं।

स्पीड न्यूज

### महिला समिति ने कर्मियों को बांटे उपहार

**बोकारो।** बोकारो महिला समिति की सदस्यों ने समिति की अध्यक्ष अनीता तिवारी के नेतृत्व में समिति द्वारा संचालित स्वावलम्बन और सुरभि केन्द्र में कार्यरत कर्मियों के बीच होली के उपलक्ष्य में उपहार और मिठाई का वितरण किया। इस मौके पर महिला समिति की उपाध्यक्ष सहित अन्य सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे। समिति की अध्यक्ष उपाध्यक्ष और अन्य सदस्यों ने सभी को होली की शुभकामनाएं भी दीं।

### सुझाव मेला में प्रतिभागी हुए पुरस्कृत

**बोकारो।** बीएसएल के सिविल अभियंत्रण विभाग में कर्मचारियों से प्राप्त सुझावों के जरिए संयंत्र की लागत व बबार्दी कम करने तथा उत्पादकता व परिचालन पद्धति में गुणात्मक सुधार लाने के निमित्त आयोजित सुझाव मेले का उद्घाटन सीजीएम सीईडी शालिग्राम सिंह और विशिष्ट अतिथि जीएम आईडी हिमांशु गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। जबकि सीओ एंड सीसी विभाग में इसका उद्घाटन कार्यकारी जीएम केएन झा और विशिष्ट अतिथि जीएम आईडी हिमांशु गुप्ता ने किया। इस दौरान डीजीएम केके गुप्ता ने सुझाव योजना के महत्व को रेखांकित करते हुए प्रतिभागियों को प्लांट की बेहतरी के लिये ज्यादा से ज्यादा सुझाव देने हेतु प्रेरित किया। सीजीएम श्री सिंह ने सुझाव मेला आयोजन के महत्व को रेखांकित करते हुए प्लांट की समृद्धि के लिए सीईडी कर्मचारियों को सुझाव मेला में बढ चढ कर हिस्सा लेने और हरेक कर्मचारी को रचनात्मक सुझाव देने का आह्वान किया।

### यूजी सेमेस्टर-1 का रजिस्ट्रेशन तिथि अब होगी 2 अप्रैल तक

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय में एनईपी के तहत नामांकित यूजी सेमेस्टर-1, सत्र-2023-27 के छात्रों को रजिस्ट्रेशन के लिए विश्वविद्यालय ने एक अंतिम मौका दिया है। इस संबन्ध में डीएसडब्लू डॉ जयनेंद्र यादव ने कॉलेज के प्राचार्यों को एक पत्र लिखते हुए निर्देश दिया है कि वैसे सभी छात्रों का रजिस्ट्रेशन 2 अप्रैल तक में पूरा कर ले। जिनका रजिस्ट्रेशन अभी तक नहीं हुआ है। इसकी जानकारी विष्वविद्यालय प्रवक्ता दीपक कुमार दास ने दी।

### डालमिया भारत फाउंडेशन व सेल के बोकारो दीक्षा केंद्र में दीक्षा का समापन समारोह

**बोकारो।** डालमिया भारत लिमिटेड की सीएसआर शाखा डालमिया भारत फाउंडेशन और सेल बोकारो के संयुक्त पहल के तहत स्थापित बोकारो दीक्षा केंद्र के 69 प्रशिक्षुओं के लिए एक समापन समारोह का आयोजन किया गया। दीक्षा (डालमिया इंस्टीट्यूट ऑफ नॉलेज एंड स्किल हार्नेसिंग) डीबीएफ का प्रमुख प्रोजेक्ट है जिसके तहत इलेक्ट्रिकल ट्रेड में प्रशिक्षण पूरा करने वाले 26 प्रशिक्षुओं और जनरल ड्यूटी असिस्टेंट ट्रेड में प्रशिक्षण पूरा करने वाले 43 प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इनमें से नौ व्यक्तियों का प्लेसमेंट बैंगलोर स्थित होंडा और हीरो मोटरसाइकिल मैन्युफैक्चरिंग कंपनी में हुआ है जबकि दो लोगों ने वोल्टास बोकारो में स्थान हासिल किया है। इलेक्ट्रिकल ट्रेड में प्रशिक्षण लेने वाले 17 प्रशिक्षुओं को श्नाइडर टूल किट्स प्रदान किए गए।

### अखिल भारतीय साहित्य परिषद् का होली मिलन समारोह हुआ संपन्न

**बोकारो।** स्थानीय आर्या विहार में अखिल भारतीय साहित्य परिषद् के अध्यक्ष डॉ नरेंद्र कुमार राय ने सभी अभ्यागतों का स्वागत करते हुए कहा कि होली भारतीय परंपरा का अत्यंत ही पावन पर्व है। इस अवसर पर भारतवासी परस्पर ईर्ष्या द्वेष को भूलकर आपस में गले मिलते हैं और परस्पर प्रेम का प्रकटीकारण करते हैं। मौके पर उन्होंने भारत में बढ़ रही चुनावी सरगर्मी पर अपनी व्यंग्य कविता सुनाकर सबको गुदगुदाया। कनक लता राय ने डॉ आशा पुष्प ने परिषद् के सचिव ब्रह्मा नंद गोस्वामी ने उदयकांत सिंह ने कृपानंद सिन्हा ने कस्तूरी सिन्हा ने तथा डॉ भगवान पाठक ने कविता का पाठ कर वातावरण को होलीमय बना दिया। महिला कवयित्रियों ने होली गीतों पर थिरक कर वातावरण को रसमय बना डाला।

पूर्व मंत्री ने कोनार नदी का लिया संज्ञान, निरीक्षण को खुद पहुंचे नदी तट

# सीसीएल लगातार ओबी गिरा कर नदी को कर रहा है संकरा : माधवलाल सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो /गोमिया।** पूर्व मंत्री माधव लाल सिंह सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र अंतर्गत स्वांग- गोविन्दपूर कोलियरी के उत्खनन विभाग क्षेत्र का दौरा किया। दौरे के क्रम मे परियोजना के द्वारा कोनार नदी मे (ओबी) ओवर बडन गिराने से नदी काफी संकीर्ण होने के साथ ही प्रदुषित भी हो रहा है। श्री सिंह ने कहा कि कोनार नदी क्षेत्र के लिए जीवन दायिनी है। वही सीसीएल प्रबंधन के द्वारा नदी को प्रदुषित करना और संकीर्ण करना काफी गंभीर विषय है,उन्होंने कहा यह मामला काफी वर्षो से चला आ रहा है जिसपर सीसीएल प्रबंधन के द्वारा सकरात्मक पहल नही किये जाने से नदी का पानी प्रदुषित और संकरा हो रहा है, जो कइ बिमारियो को जन्म देने के साथ नदी बिलुप्ति के कगार पर है, उन्होंने कहा इस संबंध में बहुत जल्द प्रदुषण एंव वन पर्यावरण विभाग झारखंड और केन्द्र सरकार को पत्राचार कर ध्यान आकृष कराया जायेगा ,ताकि कानून सम्मत कावार्ही हो और नदी को संरक्षित किया जा सकता है। उन्होने कहा कोनार नदी में दूषित पानी दामोदर नदी मे जाकर मिल जा रहा है, जिसका कू प्रभाव काफी बडी आबादी को प्रभावित कर रहा है, उन्होने कहा यह काफी दुखद विषय है,सीसीएल प्रबंधन इस दिशा मे पहल करे , नही तो बड़ा आंदोलन शुरू किया जायेगा। मौके पर कृष्णा निषाद ने कहा कि सीसीएल प्रबंधन की मनमानी और अनदेखी का नतिजा है कि आज कोनार नदी जैसे स्वच्छ और शुद्ध नदी प्रदूषित और बिलुप्त होने के कगार पर है।

मौके पर कृष्णा निषाद, अभय दराद, सुमजंय सिंह, मृत्यूजय सिंह, गौतम कुमार, विटू कुमार, मनोज सिंह , विजय सिंह, नरेन्द्र निषाद, कृष्णा सिंहय, मुबारक ,मुन्ना सिंह, सहित कइ लोग उपस्थित थे।

## नवनामांकित छात्रों का किया स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विष्वविद्यालय के स्नातकोत्तर वाणिज्य विभाग में नवनामांकित छात्र-छात्राओं के लिए स्वागत कार्यक्रम आयोजित हुई। कार्यक्रम में विष्वविद्यालय के स्नातकोत्तर वाणिज्य विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ बिनोद मुर्मू और दीपक कुमार उपस्थित थे। इस मौके पर विभाग के प्राध्यापक दीपक कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा विगत कुछ वर्षों में विश्वविद्यालय का वाणिज्य विभाग ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। विभाग का प्रयास रहेगा कि आप सभी को पठन-पाठन की समुचित व्यवस्था दिया जाये। जिससे आप सभी यहां से एक बेहतर इंसान बनकर निकले। प्राध्यापक डॉ बिनोद मुर्मू ने कहा नियमित कक्षा एवं कक्षा में पारस्परिक विचार-विमर्श आप प्रतिदिन बेहतर होते जायेंगे। इसलिए नियमित कक्षा जरूर आये और शिक्षक के साथ कक्षा में इंटरेक्शन जरूर करें। कार्यक्रम में विभाग के सीनियर छात्रों ने नवनामांकित छात्रों के लिए कई मनोरंजन गतिविधयां आयोजित किया। जिसमें नवनामांकित छात्रों ने भाग लिया। समारोह में वाणिज्य विभाग के जागेश्वर सोरेन, नीतू टुडू, रिया शांडिल्य, सेजेल कुमारी, अमन गुप्ता, आदित्य चिराग, अर्चा हिमतसिंहका, करिश्मा यादव, एनिमा मुर्मू, अंकित, मुशर्रफ कोमल, मोनिका हेम्ब्रम, नेहा परवीन, सुमित्रा बेसरा, सुषमा हेम्ब्रम, सुबोजित दत्ता, आलोक हेम्ब्रम, बप्पी, शेपाली, शिमरन, बिंदु, उज्वल, आलोक, सोनी, सुरेंद्र, प्रकाश, गीता, नीरज, सुनीता, अनु, साक्षी, मर्शेल, पुलिश, विनेश आदि छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। ज्ञात हो दिसंबर 2016 में विश्वविद्यालय द्वारा स्नातकोत्तर वाणिज्य विभाग खोला गया था। विगत 9 वर्षों में विभाग ने लागातार उत्तरोत्तर विकास किया है। विभाग में दो नए शिक्षक नियुक्त किये जाने से विभाग का शैक्षणिक महौल बेहतर होने के साथ एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटी विभाग में बढ़ा है एवं नामांकन लेने वाले छात्रों की संख्या में भी वृद्धि हुई है।

## यूजी सेमेस्टर-2 परीक्षा के लिए फॉर्म भरने की तिथि बढ़ी

### अब 30 मार्च तक भरे जायेंगे फार्म

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग ने यूजी सेमेस्टर-2 का ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि को विस्तारित किया है। इसकी जानकारी विष्वविद्यालय प्रवक्ता दीपक कुमार दास ने दी। उन्होंने बताया कि यूजी सेमेस्टर-2, सत्र-2022-26 परीक्षा फार्म भरने के लिए अब 30 मार्च तक का समय दिया गया है। ज्ञात हो इनसे पूर्व उक्त परीक्षा के लिए परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 19 मार्च निर्धारित थी। ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने में छात्रों को हो रही समस्याओं को देखते हुए छात्रहित में कुलपति डॉ बिमल प्रसाद सिंह के निर्देश पर अब अंतिम तिथि को विस्तारित करते हुए 30 मार्च तक बढ़ा दी गई है। परीक्षा नियंत्रक डॉ जय कुमार शाह ने एक अधिसूचना जारी कर दिया है। उक्त परीक्षा फार्म भरने संबंधित अधिसूचना को विश्वविद्यालय के आधिकारिक वेबसाइट पर देखा जा सकता है। कुलपति ने बताया कि एमडीसी विषय चयन में हो रहे समस्या को देखते हुए विश्वविद्यालय द्वारा विषयवार एमडीसी विषय के लिए सब्जेक्ट कॉम्बिनेशन विवि का आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। डीएसडब्लू डॉ जयनेंद्र यादव ने बताया कि सभी कॉलेज के प्राचार्यों को एक पत्र भेजा है। जिसमे प्राचार्यों को निर्देश दिया गया की अगर किसी छात्र ने यूजी सेमेस्टर-2 का फॉर्म भरते समय गलत एमडीसी विषय का चयन कर लिया है।

## लोकसभा चुनाव के शांतिपूर्ण तरीके से करने को लेकर बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**शिकारीपाड़ा ।** आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव की तिथियां नजदीक आ रही है प्रशासनिक महकमें में चुनाव की तैयारी को लेकर बैठकों का दौर जारी है। वही संवेदनशील बूथों एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से तैनाती समेत अन्य सुविधाओं एवं सुरक्षा के बिंदुओं पर ध्यान रखने के लिए प्रशासनिक पदाधिकारी एवं कर्मी इलाके का दौरा कर रहे हैं एवं बैठक कर रहे हैं। इसी क्रम में शिकारीपाड़ा प्रखंड सभागार में आज प्रखंड स्तरीय प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद एजाज आलम की अध्यक्षता में हुई। बैठक में अंचलाधिकारी शिकारीपाड़ा कपिल देव ठाकुर, थाना प्रभारी शिकारीपाड़ा हरिप्रसाद साह , प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी समेत कई महत्वपूर्ण पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी सम्मिलित हुए। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद एजाज आलम ने उपस्थित पदाधिकारीयों को लोकसभा चुनाव 2024 में आपसी समन्वय स्थापित कर जीरो एरर के साथ लोकसभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण निपटारे का आह्वान किया ।

## विधायक दीपिका पांडे ने कार्यकताओं के साथ जम कर उड़ाये अबीर गुलाल

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी महगामा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यालय महागामा में आयोजित होली मिलन समारोह में ठाकुर गंगटी प्रखंड क्षेत्र के भी दर्जनों कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए।इस दौरान उपस्थित लोगों ने विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट,रुचिकर व्यंजनों का लुत्फ उठाया। एक दूसरे को अबीर,गुलाल लगाकर खुशी का इजहार किया और बधाई दी।विधायक दीपिका पांडे सिंह ने भी सबों के साथ अबीर, गुलाल का आदान-प्रदान किया।सबों को होली की बधाई दी और सार्वजनिक रूप से खुशी का इजहार किया।कहा की होली एक हंसी-खुशी की चीज है सभी आपसी भेदभाव को भूलाकर होली मनाई जाती है। कई लोगों ने कहा कि होली जैसे मिलन समारोह से आपसी भाईचारा बरकरार रहती है सौहार्दपूर्ण वातावरण में पूरे वर्ष गांव समाज के लोग एक दूसरे के साथ मिलजुल कर आपसी भाईचारे का संबंध बनाए रखते हैं।प्रत्येक वर्ष यह होली का पर्व आता है और सब मिलकर लोग भाईचारे को बरकरार रखने के लिए इस पर्व को काफी हंसी खुशी से मनाया करते हैं। इस दौरान जमकर होली गीत गया गया उपस्थित सभी लोग होली गीत पर ताली बजाकर झूमते नजर आए। अवधेश ठाकुर, सुभाष मंडल, भोला प्रसाद यादव, त्रिभुवन यादव,मिहिर महतो, मनोरंजन कुमार, शंकर पोद्दार,राहुल झा,राजू शाह,सुबोध यादव, करमू प्रसाद यादव सहित दर्जनों गणमान्य ग्रामीण शामिल हुए।


## सखी बहिनपा मैथिलानी समूह के होली मिलन में होली गीतों की सुमधुर प्रस्तुति



**बोकारो।** सखी बहिनपा मैथिलानी समूह का होली मिलन स्थानीय सेक्टर 5 ए में आयोजित किया गया। सखी बहिनपा बोकारो की उपमहासचिव नूतन झा के सौजन्य से आयोजित इस होली मिलन कार्यक्रम में महिलाओं ने गणेश वंदना गोसाउनिक गीत के साथ ही होली गीतों की सुमधुर प्रस्तुति से समां बांध दिया। उपस्थित महिलाओं ने अबीर लगाकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। आगामी 20 अप्रैल को सखी बहिनपा की संस्थापक व अध्यक्ष आरती झा के बोकारो आगमन की जानकारी सदस्याओं को दी गयी और उस समय आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों पर भी विचार विमर्श किया गया।

## सांस्कृतिक प्रस्तुति ने किया मंत्रमुग्ध

खबर मन्त्र संवाददाता




**बोकारो।** डीपीएस बोकारो में पांचवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए आयोजित दीक्षांत सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ डीके सिंह ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल एक शिक्षित व्यक्ति तैयार करना ही नहीं बल्कि समाज को अज्ञानता और समस्याओं के अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाना है। समारोह में ग्रेजुएशन गाउन पहने लगभग 250 विद्यार्थियों को विधिवत ग्रेजुएट कैप और लाल फीते में लपेटा सर्टिफिकेट व रिपोर्ट कार्ड देकर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों ने मुख्य अतिथि डॉ सिंह एवं विशिष्ट अतिथि उनकी सहधर्मिणी सरिता सिन्हा का पौधा भेंटकर स्वागत किया और नन्हे छात्र छात्राओं ने अपनी मनोहारी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्राचार्य डॉ गंगवार ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

कुलपति डॉ सिंह ने बच्चों को सदैव ऊंचे स्वप्न देखने और उसे पूरा करने के लिए जुनूनी बनने की प्रेरणा दी।

मौके पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने कहा कि डीपीएस बोकारो प्रारंभिक कक्षाओं से ही बच्चों को ऐसी शिक्षा प्रदान करता है जिससे कि उनका समग्र विकास हो सके। बच्चों के संपूर्ण व्यक्तित्व विकास की दिशा में उन्होंने अभिभावकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

## जीवन में सच्चे सुख के लिए भक्तिमार्ग पर चलना आवश्यक : सांसद

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** श्रीमद्भागवत कथा वाचक गोविंद कृष्णजी शास्त्री ने मैथिली कला मंच कालीपूजा ट्रस्ट की ओर से सेक्टर 2 डी स्थित श्यामा माई मन्दिर में आयोजित समारोह के पांचवे दिन कहा कि जो अपने तन मन धन से सेवा भक्ति करे। वही आज के समय में धनवान व्यक्ति है और परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम के द्वारा ही संभव हो सकती है। उन्होंने श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया। गीत-संगीत और भजन कीर्तन के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में श्रद्धालु भक्तिरस की सरिता में गोते लगाते रहे। कार्यक्रम में धनबाद लोकसभा क्षेत्र के सांसद पशुपतिनाथ सिंह विशेष रूप से शामिल हुए। मौके पर सांसद श्री सिंह ने इस आयोजन की सराहना करते हुए जीवन में सच्चे सुख के किये भक्तिमार्ग पर चलने को अनिवार्य बताया। कहा कि धर्म अध्यात्म ही मानव जीवन का आधार स्तंभ है। शास्त्री जी ने पूतना चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि कंस ने भगवान को मारने के लिए पूतना को भेजा। भगवान इतने दयालु व इतने सरल हैं कि मारने आई पूतना का भी भगवान ने उद्धार कर दिया। भगवान ने सारे समाज को सिखाया कि हमें गाय का पूजन करना चाहिए। मौके पर महायज्ञ के यजमान संजय कुमार झा व सुनीता झा सहायक यजमान ममता सिंह सतीश सिंह सहित ट्रस्ट के महामंत्री सुनील मोहन ठाकुर के अलावा सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

एक नजर में

### होली मिलन समारोह का आयोजन

तालझारी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद तालझारी इकाई के द्वारा होली मिलन समारोह मखानी दुर्गा मंदिर में किया गया। एक दूसरे को गुलाल लगाकर एवं मिठाई खिलाकर रंगो का उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व नगर सहमंत्री सन्नी सिंह ने किया। नगरमंत्री गौरव कुमार सुमन ने बताया कि होली एक ऐसा त्यौहार जिसमें मित्रता और भाईचारा को जोड़ता है यह रंगों का उल्लास भरा त्यौहार है।होली रंगों का तथा हँसी-खुशी का त्योहार है। यह भारत का एक प्रमुख और प्रसिद्ध त्योहार है, जो आज विश्वभर में मनाया जाने लगा है।मौके पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नगरमंत्री गौरव कुमार सुमन, नगर सहमंत्री अभिषेक सिद्धार्थ, हरिओम गुप्ता, बीरू कुमार नगर छात्रा प्रमुख दानी कुमार साहा, नगर कार्यकारिणी सदस्य सन्नी रजक, मिथुन यादव, अभिषेक कुमार, शिवम कुमार साह, एवम सूरज कुमार, बापी कुमार, छोटू कुमार, अंकित चौधरी, हिराकांत, दिनेश कुमार, सागर कुमार, सूरज कुमार, आकाश कुमार, सूरज कुमार,अमित राय, राजू यादव, पीयूष उपाध्याय, रंजित कुमार , बदल पंडित आदी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पांच दिवसीय आईयुसीडी का कार्यशाला का समापन

साहिबगंज। सदर सीएचसी परिसर में सदर सीएचसी प्रभारी डॉक्टर रंजन कुमार के नेतृत्व में पांच दिवसीय आई.यु.सी.डी का कार्यशाला का आयोजन किया गया।इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सीएचओ,जीएनएम,एएनएम,आपने अपने कार्य क्षेत्र में जाकर आई.यु.सी.डी लगा करके परिवार नियोजन में सहयोग करके। वहीं सभी अपने अपने कार्य क्षेत्र में अधिक से अधिक लाभार्थियों को लाभान्वित कर सेवा देने का कार्य करेगे। इस कार्यशाला का मुख्य प्रशिक्षक के रूप में डॉक्टर पूनम कुमारी,डॉक्टर शिवम शर्मा,जीएनएम अर्चना मंडल,रिपु कुमारी, आरएमएन सीएच प्लस ए कोंशलर संजय राम,ने प्रशिक्षको के द्वारा प्रशिक्षनार्तियो को पूर्व में प्रशिक्षण दिया गया।वहीं शनिवार को इस कार्य शाला का अंतिम दिन समापन किया।इस मौके पर सदर प्रभारी डॉक्टर रंजन कुमार,डॉक्टर पूनम कुमारी, सीएचओ,स्नेहलता मुर्मू ,अनिता कुमारी,बीपीएम मनोज कुमार यादव,जीएनएम,एएनएम, बीटीटी मुनिलाल पांडे,ओर अन्य लोग मौजूद थे।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में हुआ होली मिलन

**तालझारी ।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर लालमाटी में भैया बहनों का वार्षिक परीक्षाफल एवं होली मिलन समारोह का आयोजन शनिवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधकारिणी समिति अध्यक्ष डॉ अशोक कुमार सिंह ,लालमाटी पंचायत की मुखिया बबिता देवी, सपना सिंह,और विद्यालय के प्रधानाचार्य संतोष कुमार उपाध्याय ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्चन कर किया। प्रधानाचार्य ने भैया बहनों को कहा कि आप सभी भैया बहनों ने पूरे वर्ष भर परिश्रम किया।जो सबसे अच्छा मेहनत किया उसका परिणाम उन्हें मिला और जो कोई स्थान हासिल नही कर पाए उन्हें निराश न होकर आगे और मेहनत करने की आवश्यकता है।इसमें कक्षा अरुण से पंचम तक में प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहनों को अंक पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके पश्चात विद्यालय के आचार्य दीदीजी सभी भैया बहनों को अबीर गुलाल लगाया और मिठाई खिलाकर सभी को होली की शुभकामनाएं दी। मौके पर शिव कुमार सिंह,प्रताप सिंह, उत्तम मंडल,राजकिशोर दुबे, उज्जवल साहा, मिथिलेश यादव,पृथ्वी चांद टुडू, अनीता सिंह,वर्षा कुमारी, आकांक्षा भारती उपस्थित थे।

### उर्दू मध्य विद्यालय उधवा दियारा में शिक्षक की मांग को लेकर उपायुक्त को दिया आवेदन

**उधवा।** प्रखंड के पश्चिमी उधवा पंचायत में सचलित उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय उधवा दियारा में सरकारी शिक्षक नियुक्त को लेकर मुखिया ने उपायुक्त को आवेदन देकर दो शिक्षक की मांग की है।पंचायत के मुखिया जियाउल हक ने अपने लेटर पेड के माध्यम से उपायुक्त साहिबगंज को बताया है कि पंचायत में उर्दू मध्य विद्यालय उधवा दियारा में कक्षा एक से आठवीं तक संचालित है।जिसमें कुल 675 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं और दो स्मार्ट क्लासेज,कोप्यूटर एवं लाईब्रेरी भी है। जिसको दो ही स्शिकों द्वारा संचालित किया जाता है।वर्तमान में एक सरकारी शिक्षक एवं दूसरा सहायक अध्यापक (पारा) है।सरकारी शिक्षक मो० इस्लाम अली 31 मार्च 2024 को सेवानिवृत हो जायेंगे। जिसके बाद एक पारा शिक्षक के भरोसे विद्यालय का संचालन होगा। यह भी बताया कि एक पारा शिक्षक राजमहल प्रखण्ड से स्थानांतरण कराकर इस विद्यालय में पदस्थापित हुये हैं। जो एक विवादित शिक्षक है और यह स्थानांतरण कहां तक नियम संगत है यह श्रीमान ही अच्छी तरह जानते होंगे।आगे उक्त विद्यालय के बच्चों का भविष्य को देखते हुए कम से कम 2 सरकारी शिक्षकों को पदस्थापित कर बच्चों के भविष्य को बचाने की मांग किया है।

### प्राणपुर में अवैध नर्सिंग होम चलाने के मामले में राधानगर थाना में मामला दर्ज

**साहिबगंज।** जिले के उधवा प्रखंड क्षेत्र में अवैध रुप से नर्सिंग होम चलाने मामले में राधानगर थाना में आवेदन देकर करवाई की मांग किया है।दरअसल उधवा प्रखंड क्षेत्र के दक्षिण प्राणपुर पंचायत के इस्माइल टोला में एक अवैध नर्सिंग होम चल रहा है जिसकी लिखित शिकायत राधानगर थाना में दिया है साथ ही आवेदन की प्रतिलिपि प्रभारी अनुमंडलीय अस्पताल राजमहल, सिविल सर्जन साहिबगंज,पुलिस अधीक्षक साहिबगंज, उपायुक्त साहिबगंज तथा स्वास्थ्य मंत्री झारखंड सरकार को प्रेषित किया है।उधवा प्रखंड क्षेत्र के फिटू शेख ने आवेदन दिया है साथ ही स्वास्थ्य सहिया लैला बीबी, सबीना बीबी,असीमा खातून,मस्कुरा बीबी, आइसा बीबी,मस्तुरा बीबी,इस्मेतरा बीबी सहित बारह लोगो ने हस्ताक्षर कर राधानगर थाना में 11 मार्च को आवेदन दिया है।दिए गए आवेदन में बताया है कि उधवा प्रखंड क्षेत्र के दक्षिण प्राणपुर पंचायत के इस्माइल टोला में रेखा बीबी जो स्वास्थ्य सहिया है जो अपने घर में निजी नर्सिंग होम चला रही है नर्सिंग होम में प्रसव,गर्भपात कराया जाता है जो पूर्ण रूप से अवैध है।यह भी बताया है कि अपने निजी नर्सिंग होम में प्रसव करने के बाद अपना स्वास्थ्य सहिया व सेटिंग करते हुए राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल में बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र तथा मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाती है।बताया कि रेखा बीबी सहिया कोड निर्गत करवाने के एवज में मोटी रकम लेती है। आगे आवेदन में बताया है महिला का प्रसव कराकर उधवा पीएससी से मिलकर बच्चो का जन्म प्रमाण पत्र बनवाती है। इस तरह का अवैध कार्य को मना करने पर गलत केस में फसाने की धमकी दिया जाता है।इसके पूर्व में भी मामले को लेकर ग्रामीण व सहियाओ ने मिलकर आवेदन दिया गया था परंतु कोई करवाई नही होने की बात आवेदन में बताया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार इधर थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी ने आवेदन के आलोक पर 21 मार्च को रेखा बीबी की घर जाकर पड़ताल किया। इस पर प्रभारी अनुमंडलीय अस्पताल राजमहल उदय टुडू ने बताया कि मामले की जानकारी प्राप्त हुआ है।उक्त सहिया रेखा बीबी को स्पष्टीकरण मांगा गया है।जवाब देने उपरांत विधिवत करवाई की जाएगी। खबर लिखे जाने तक मामले में एफआईआर दर्ज नहीं हुआ है।

### होली मिलन समारोह का आयोजन

**साहिबगंज।** शनिवार को साहेबगंज में झारखंड प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारिणी सदस्य सह गोड्डा जिला के प्रभारी अनुकूल मिश्रा के चौधरी कॉलोनी स्थित आवास अभिनव श्री में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें शहर भर के बुद्धिजीवी एवं राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने एक दूसरे को अबीर लगा कर होली की शुभकामनाएं दी साथ ही स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाया। मौके पर नित्यानंद गुप्ता, मुर्शाद अली, चंदू गुहा, अशोक पासवान, कौशिक विश्वास, विजय वर्मा, रामसिंगार ओझा, ललित स्वदेशी, अनिल पांडे, चुन्नू ओझा, सतीश पासवान, काशी शर्मा, अशोक सिन्हा , मंगल पासवान, अंशुपाल तांती, सुभाष गुप्ता, राजेश सिंह, दिलीप गुप्ता, विनोद वर्मा, सरफराज आलम, अनोज मिश्रा, मो रियाज, मो सब्दुल, मो सलाउद्दीन, मो मकसद, मो अल्ताफ, मो सद्दाम, मो औरंगजेब, बच्चन पाठक, दिवाकर साह एवं दर्जनों लोग शामिल हुए।

स्पीड न्यूज

## आईजी पहुंचे कोडरमा, लोकसभा चुनाव को लेकर की बैठक

**कोडरमा।** पुलिस महानिरीक्षक बोकारो डॉ.माइकल राज एस शनिवार को कोडरमा पहुंचे। आईजी श्री राज एस और एसपी अनुदीप सिंह ने लोकसभा चुनाव के दौरान उत्पन्न होने वाले विभिन्न प्रकार के सुरक्षा समस्या एवं विधि व्यवस्था के संबा में बैठक की। इसमें शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न करने पर चर्चा हुई। बैठक के दौरान अंतरराज्यीय चेक पोस्ट, अवैध शराब, मादक द्रव्य आदि के परिवहन, नक्सली गतिविधि के रोकथाम को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

## होली पर्व को लेकर सजने लगे बाजार, बढ़ी रौनक

**कोडरमा।** होली पर्व को लेकर बाजार पूरी तरह गुलजार होने शुरू हो गए हैं। बाजार में दुकानों पर गुलाल से लेकर गुजिया सजने लगी है। बाजार में आई गुलालगन से इस बार जमकर रंगो की बौछार होंगी। लोगो को गुलालगन खूब पसंद आ रही है। वही बच्चों के लिए सुंदर-सुंदर पिचकारियों की डिमांड भी कुछ कम नहीं है। आगामी 24 मार्च को होलिका दहन और 25 मार्च को होली पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा।

## अम्बाडीह में होली मिलन समारोह का आयोजन

**कोडरमा।** अखिल भारतीय ोबी महासंघ मरकच्चो प्रखंड इकाई में त्रिपुरारी रजक के निवास स्थान अम्बाडीह में धुम-धाम से होली मिलन समारोह मनाया गया। जिसमें मुख्य रूप से बिरनी के प्रमुख रामु बैठा, कोडरमा जिलाध्यक्ष खगेन्द्र राम, प्रखंड अध्यक्ष जनकदेव राम, जिला उप सचिव दुर्गा राम एवं मरकच्चो प्रखंडवासी मौजूद रहे।

## होली पर्व को लेकर शहरी व ग्रामीण इलाकों में निकाला गया फ्लैग मार्च

**कोडरमा।** होली पर्व को लेकर जिले में विधि व्यवस्था संधारण को लेकर एसपी अनुदीप सिंह के निर्देशानुसार कोडरमा एवं तिलैया थाना क्षेत्र के शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला गया। वहीं आम जनों से इस पर्व को आपसी भाईचारे के साथ मनाने एवं शांति व विधि व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की गई।

## द-आई स्कूल में मना रंगों का पर्व

**कोडरमा।** शहर के सहाना रोड स्थित द-आई स्कूल में रंगोत्सव होली धूमधाम के साथ मनाई गई। स्कूल टीचर्स ने बच्चों को होली के त्योहार और जीवन में रंगों के महत्व के बारे में बताया। मौके पर मधु कुमारी, श्रुति राय, सपना, स्वाति बसन्त विकास, मनवा, किरण कुमारी, तनूजा, अखिलेश, मुकेश गंजू समेत सभी शिक्षक शिक्षिकाएं तथा छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## शहीदे आजम भगत सिंह सुखदेव राजगुरु का शहादत दिवस मनाया गया

**जयनगर (कोडरमा)।** भाकपा माले पिपचो में प्रखंड सचिव अशोक यादव की अध्यक्षता में देश के महान क्रांतिकारी वीर सपुतों के बलिदान की याद में शहीद दिवस मनाया गया। देश में आज जो केंद्र की सरकार है अंग्रेजों की तरह हिटलर शाही की तरह सरकार चला रही है। चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद और चुनाव के नजदीक आने के बाद विपक्ष के नेताओं को गिरफ्तार करना केंद्र की सरकार को चुनावी हार सता रही है। जिस तरह महान क्रांतिकारी सपूतों ने देश की आजादी की लड़ाई में योगदान दिया। भगत सिंह ने कहे थे अंग्रेज तो चले जा रहे हैं लेकिन काले अंग्रेज का शासन भी खतरनाक रूप लगा। आज वही हो रहा है, ऐसी सरकार को सत्ता से हटाना सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## रंग बिरंगे रंगो के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन

**कोडरमा।** राज इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को होली का त्योहार ूम ााम से मनाया गया। वहीं नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अबीर गुलाल लगाकर रंगों के त्योहार का आगाज किया। इस दौरान लोक गीतों पर जमकर थिरके। वहीं विद्यालय के बच्चों ने पेंटिंग बनाकर होली की शुभकामनाएं दी एवं अबीर गुलाल लगाकर रंगों के त्योहार का आगाज किया।

# अवैध शराब के विरूद्ध चला विशेष अभियान





खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह द्वारा अवैध शराब के विरूद्ध विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। जिसके आलोक में गुप्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी तिलैया विनय कुमार के नेतृत्व में शुक्रवार रात्रि 9 बजे तिलैया थाना क्षेत्र से बिना नम्बर का होण्डा साईन बाईक पर पीले रंग के दो बोरी में अवै अग्रेजी शराब की खेप गझण्डी स्टेशन उतर तरफ जंगल के रास्ते बिहार ले जाने की सूचना पर अंग्रेजी अवै शराब के विरूद्ध छापामारी की गयी। इस दौरान एक मोटर साईकिल में पांच पेटी रॉयल स्टैग व्हिस्की 750 एमएल, 2 पेटी (48 पीस) इम्पीरियर ब्लू, 1 पेटी (12 पीस) आइकोनिक शाइन व्हिस्की, बरामद किया गया। इस संदर्भ में तिलैया थाना में काण्ड सं-58/24 के तहत मामला दर्ज किया गया। छापेमारी दल में थाना प्रभारी विनय कुमार व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

वहीं थाना प्रभारी चन्दवारा अरविन्द कुमार के नेतृत्व में शनिवार को थाना क्षेत्र के घोडटप्पी गांव के जंगल में अवै शराब के विरूद्ध छापामारी किया। इस दौरान लगभग 300 किग्रा. जावा महुआ को स्थल पर ही विनष्ट किया गया तथा आठ जरकिन में करीब 200 लीटर देशी शराब बरामद किया गया। इस संदर्भ में चन्दवारा थाना में अग्रेत्तर कार्रवाई किया जा रहा है। छापेमारी दल में पुअनि.अरविन्द कुमार, चंदवारा थाना व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## छापेमारी अभियान में तीन शराब भट्टियों को किया ध्वस्त



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** प्रतापपुर थाना क्षेत्र के नेभी गांव में पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाकर तीन शराब भट्टियों को ध्वस्त कर दिया है। इस कार्रवाई में 60 लीटर महुआ से निर्मित शराब जब्त की गई है और दर्जनों ड्रम जावा महुआ को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया है। प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी सुभम खंडेलवाल ने बताया कि यह कार्रवाई होली त्योहार और लोकसभा चुनाव को लेकर की जा रही है। उन्होंने शराब की भट्टियां चलाने वालों और अवैध रूप से शराब बेचने वालों को अपना धंधा बदलने की चेतावनी दी है, अन्यथा उन्हें जेल जाने के लिए तैयार रहना होगा। शराब बनाने वालों की पहचान की जा रही है और उनके खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा। इस अभियान में प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी सुभम खंडेलवाल के अलावा सब इंस्पेक्टर कासिम अंसारी और शस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड में होली मिलन समारोह का आयोजन

**कोडरमा।** आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड में रंगों का त्यौहार होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें वार्षिक परीक्षा संपन्न होने के पश्चात् विद्यार्थी काफी खुश नजर आये और होली मिलन कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया। वहीं होली मिलन समारोह में सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों को प्राचार्य पुनीत यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि होली का त्यौहार आपसी बैर भाव को भूलकर प्रेम से एक दूसरे से मिलने का त्योहार है। यह रंगों का त्योहार है जो विविधता में एकता का परिचायक है।

जिले के विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभागियों ने पेंटिंग प्रतियोगिता में लिया भाग

## स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** लोकसभा चुनाव 2024 में शत-प्रतिशत मतदान कराने को लेकर स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय वॉल पेंटिंग का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस प्रतियोगिता में उपायुक्त द्वारा हमर वोट हमर भागीदारी के संदेश पर वल पेंटिंग किया गया। तत्पश्चात इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभागियों द्वारा लोक सभा चुनाव 2024 को लेकर मतदान करने को लेकर संदेश दिया गया और मतदान करने के लिए प्रेरित किया। उपायुक्त ने कहा कि आप लोगों में काफी प्रतिभाएं हैं, आप लोगों के द्वारा मतदाता को मतदान करने के लिए बनाये गये पेंटिंग प्रशंसनीय है। कोडरमा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत 20 मई 2024 को मतदान है। अधिक से अधिक लोगों के पास मतदान दिवस के संदेश को पहुंचायें। उन्होंने कहा कि आप अपने आस पास के लोगो को मताधिकार के महत्व को बतायें। सभी करेंगे मतदान। यही तो है सशक्त लोकतंत्र की पहचान। वहीं लोकतंत्र की मजबूती की ओर हमारे बढ़ते कदम..क़ल.. आज.. और कल का संदेश दिया गया।

जिला स्तरीय वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता के दौरान युवा मतदाताओं ने सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी ली और मतदाता को योर वोट योर राईट का संदेश दिया। बनो देश के भाग्य विधाता अब जागो तुम प्यारे मतदाता.. का संदेश देते हुए मताधिकार के महत्व को बताया। वहीं लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया।





जिला स्तरीय वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता के दौरान युवा मतदाताओं ने हस्ताक्षर कर नैतिक मतदान करने का पाठ पढ़ाया। सभी करेंगे मतदान यही तो है सशक्त लोकतंत्र की पहचान... का संदेश देते हुए लोगों को नैतिक मतदान के महत्व को बताया गया।

**नैतिक मतदान की दिलाया गया शपथ :** उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा नैतिक मतदान करने का शपथ दिलाया गया। हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे की शपथ दिलाया गया। जिला स्तरीय वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता में जिला के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक और छात्र छात्राओं ने भाग लिया।

## जीएस.पब्लिक स्कूल में मना होली

**डोमचांच (कोडरमा)।** जीएस. पब्लिक स्कूल के प्रांगण में शनिवार को पूरे हर्षोल्लास के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के बच्चे विद्यालय प्रांगण में बड़े ही उत्साह के साथ एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाते दिखे व शिक्षकगण ने एक दूसरे को गुलाल व गले लगाकर होली की ढेरों शुभकामनाएं दी। वहीं समारोह में उपस्थित विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप सिंह, निदेशक नितेश कुमार, उप-निदेशक नीरज सिंह, प्राचार्या प्रतिमा कुमारी, कर्डिनेटर सोनी चंदन ने विद्यालय परिवार को ढेरों शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में गुलाब चंद सहा, राघव सिन्हा, प्रीति प्रिया शामिल थीं।

## शांति समिति की बैठक संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** थाना परिसर में शनिवार को होली और रमजान त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ सोमनाथ बांकिरा ने की और प्रखंड प्रमुख प्रिया कुमारी, मंजू कुमारी विशेष रूप से उपस्थित थीं। होली के त्योहार पर विधि व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा के दौरान बीडीओ ने कहा कि होली का त्योहार देश का एक महत्वपूर्ण त्योहार है और इसे सादगी पूर्ण माहौल में शांति पूर्वक मनाया जाना चाहिए। उन्होंने होली के त्योहार पर जिला प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाइन का हवाला देते हुए कहा कि सभी चिन्हित स्थानों पर दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति होगी और सभी लोग त्योहार में आपसी सौहार्द बनाकर रखें ताकि किसी भी समुदाय को कोई परेशानी ना हो। पुलिस निरीक्षक ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी होली के त्योहार में हुड़दंगियों पर प्रशासन की विशेष नजर रहेगी और किसी भी स्थिति में माहौल को खराब होने नहीं दिया जाएगा। ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने बैठक में उपस्थित दोनों समुदाय के लोगों से भाईचारे के साथ होली व रमजान का त्योहार मनाने का आग्रह किया। शांति समिति की बैठक को कांग्रेस नेता रामबृक्ष सिंह, भाजपा के जिला महामंत्री मृत्युंजय सिंह, पूर्व मुखिया श्याम प्रसाद सिंह, सतीश सिंह, पूर्व मुखिया सीताराम दांगी मकसूद आलम आदि ने भी संबोधित किया।

## होली मिलन समारोह का आयोजन

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** बिशुनपुर रोड स्थित होली चाइल्ड स्कूल में शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के निदेशक नवनीत ओझा (बंटी) और प्रिंसिपल प्रियंका ओझा ने उपस्थित बच्चों और शिक्षकों को अबीर गुलाल लगाकर होली की बााई देते हुए कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारा और सौहार्द का त्योहार है। इस त्योहार को बिना किसी भेदभाव के मनाना चाहिए, किसी प्रकार का हुड़दंग नहीं करना चाहिए और न किसी को जबरन रंग लगाना चाहिए। उन्होंने कहा की होली हमें देश की सभ्यता और संस्कृति के साथ साथ एकता का भी संदेश देता है।

# आज रात 10:27 के बाद होगी होलिका दहन : आचार्य चेतन पाण्डेय

## स्नान-दान की फाल्गुन पूर्णिमा 25 को, 26 को मनाई जाएगी होली

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** होली पर ग्रह-नक्षत्रों के कई शुभ संयोग बन रहे हैं और कई वर्षों बाद आतर लग रहा है, जिसका अर्थ है कि रंगों का पवित्र त्यौहार होली ईश्वर होली के दहन के एक दिन बाद मनाया जाएगा। होली एक सांस्कृतिक, धार्मिक और पारंपरिक त्योहार है, जिसे पूरे भारत में अलग ही जश्न और उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह भाईचारे, आपसी प्रेम और सद्भावना का त्योहार है, जिसमें लोग एक दूसरे को रंगों में सराबोर करते हैं और होली की शुभकामनाएं देते हैं। इस बार होली की तिथि को लेकर लोगों में संशय है, लेकिन आचार्य चेतन पाण्डेय ने बताया है कि फाल्गुन शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा 24 मार्च दिन रविवार को दिन में 9:24 पर प्रवेश कर रहा है और पूर्णिमा तिथि अगले दिन 25 मार्च दिन सोमवार को दिन में 11:31 तक ही रहेगा। इसलिए, होलिका दहन 24 मार्च दिन रविवार को रात्रि 10:28 के बाद किया जाएगा और व्रत की पूर्णिमा भी इसी दिन मनाई जाएगी।

**25 को पूर्णिमा तिथि होने के कारण होली के त्योहार पर रहेगा ब्रेक :** आचार्य चेतन पाण्डेय ने बताया कि फाल्गुन महीने की स्नान-



दान की पूर्णिमा 25 मार्च को सोमवार को मनाई जाएगी, क्योंकि उदया तिथि के अनुसार पूर्णिमा का मान 25 मार्च को होगा। इस दिन पूर्णिमा तिथि का मान होने के कारण होली पर एक दिन का अवकाश रहेगा। होली का पवित्र त्यौहार चैत्र कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि को मनाया जाता है, और इस बार यह तिथि 26 मार्च को मंगलवार को है। इस बार होली पर ग्रह-नक्षत्रों के कई शुभ संयोग बन रहे हैं, और शास्त्रों के अनुसार होली पर राशि के अनुसार कुछ खास उपाय करने से विशेष लाभ मिलते हैं।

**अफवाह से बचें, भारत में नहीं है कोई ग्रहण :** आचार्य चेतन पाण्डेय ने स्पष्ट किया है कि होली के दिन भारत में कोई ग्रहण नहीं है, इसलिए लोगों को अफवाहों पर ध्यान नहीं देना चाहिए। रंगों का पवित्र त्यौहार होली पर यहां ग्रहण का कोई प्रभाव नहीं होगा।

25 तारीख को लगने वाला ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा, यह ग्रहण अमेरिका, जापान, रूस के कुछ हिस्से, आयरलैंड, इंग्लैंड, स्पेन, पुर्तगाल, इटली, जर्मनी, फ्रांस, हॉलैंड, बेल्जियम, दक्षिणी नॉर्वे और स्विट्जरलैंड में दिखाई देगा। भारत सहित दक्षिण एशियाई देशों में यह ग्रहण नजर नहीं आएगा, इसलिए इसका यहां कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

एक नजर में

## चतरा में शिक्षिका से घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार हुआ बीआरपी

**चतरा।** जिले में शनिवार को एसीबी की टीम ने कार्रवाई करते हुए शिक्षा विभाग के बीआरपी सच्चिदानंद सिंह को आठ हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। हंटरगंज प्रखंड साधन सेवी (बीआरपी) सच्चिदानंद सिंह को जांच रिपोर्ट मैनेज करने के नाम पर शिक्षिका से घूस लेते हजारीबाग एसीबी की टीम ने गिरफ्तार किया है। बीईओ के निर्देश पर बीआरपी ने नव सृजित प्राथमिक विद्यालय की जांच की थी। जांच रिपोर्ट मैनेज करने के नाम पर बीआरपी सच्चिदानंद सिंह दस हजार रुपये घूस मांग रहा था। पीड़िता नव सृजित प्राथमिक विद्यालय सोखा की सहायक शिक्षिका सह सचिव रीता कुमारी ने इसकी शिकायत एसीबी से की थी। मामले की जांच जब एसीबी ने की तो सही पाया। इसके बाद शनिवार को कार्रवाई करते हुए बीआरपी सच्चिदानंद सिंह को घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार करने के बाद एसीबी की टीम आरोपी को अपने साथ हजारीबाग ले गई।

## आजसू पार्टी ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया

**चतरा।** आजसू पार्टी का होली मिलन समारोह चतरा उत्सव होटल में मनाया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय सचिव प्रभारी सिद्धार्थ सिंह, चतरा विधानसभा अशोक गहलोत, केंद्रीय सचिव पारस सिंह, जिला कार्यकारी अध्यक्ष शिवलाल दांगी, जिला सचिव मंटू कुमार दांगी, जिला उपाध्यक्ष संजय मेहता, छोटू सिंह भोक्ता, बिरजू राणा, केदार दांगी, अनिल यादव और सैकड़ों कार्यकर्ताओ ने भाग लिया। इस दौरान कार्यकताओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। मुख्य अतिथि सिद्धार्थ सिंह कहा कि होली रंगों का त्योहार है और इसमें सभी को गिले-शिकवे भूलकर शांतिपूर्वक त्योहार मनाना चाहिए।

## जिला यक्ष्मा केन्द्र में मनाया गया विश्व यक्ष्मा दिवस

**चतरा।** विश्व यक्ष्मा दिवस के अवसर पर चतरा के जिला यक्ष्मा केंद्र में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 'हाँ, हम टीबी को खत्म कर सकते हैं' थीम के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस वर्ष 24 मार्च को मनाए जाने वाले विश्व यक्ष्मा दिवस को होलिका दहन और रविवार के अवकाश के कारण 23 मार्च को मनाया गया। कार्यक्रम में जिले में चल रहे यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया गया और माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 2025 तक भारत से टीबी मुक्त करने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जिले में किए जा रहे कार्यों पर चर्चा की गई। टीबी से बचाव, टीबी की दवा अवधि और निक्षय पोषण योजना के बारे में जानकारी दी गई और लोगों को निक्षय मित्र बनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में सिविल सर्जन चतरा डॉ जगदीश प्रसाद, उपाधीक्षक सदर अस्पताल चतरा डॉ मनीष कुमार लाल, डीपीसी टीबी विक्रांत कुमार, डीपीएम अनिल बारला, डैम रविन्द्र कुमार विश्वकर्मा, डीडीएम पोखराज कुमार, डीपीसी सहिया उदय शरण, एसटीएस आलोक कुमार श्रीवास्तव, अनु शंकर गुप्ता, मनोज कुमार पांडेय, सुधांशु कुमार, बिंदु कुमार सीएचओ, सहिया और अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## दिव्यांगजनों के लिए मतदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**सिमरिया।** स्वीप के निर्देश पर दिव्यांग ब्रांड एंबेसडर कवि सुचित कुमार वियोगी और प्रकाश गंझू के नेतृत्व में प्रखंड स्तरीय दिव्यांग मतदाताओं का जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दिव्यांग जनों ने भाग लिया और मतदान करने की शपथ ली। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रेनू रवि ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए सभी दिव्यांग मतदाताओं को सभी आवश्यक सुविधाएँ मिलें, यह सुनिश्चित किया जा रहा है। प्रत्येक मतदान केंद्र पर जन-सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा, जिसमें दिव्यांग, गर्भवती माताओं और वरिष्ठ मतदाताओं के लिए हर मतदान केंद्र पर रैंप, शेड, पेयजल, शौचालय और अलग से कतार की व्यवस्था रहेगी। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सिमरिया रीना साहू ने बताया कि मतदान केंद्र में वॉलिंटियर रहेंगे जो दिव्यांग मतदाताओं को मतदान कराने में सहयोग करेंगे।

## 798 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**कुंदा (चतरा)।** कुंदा थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक छापेमारी के दौरान मिन्हाज अंसारी के घर से 798 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की है। पुलिस अधीक्षक महोदय चतरा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। मिन्हाज अंसारी पर आरोप है कि वह अपने घर में अवैध रूप से ब्राउन शुगर छुपाकर रखे हुए था और उसकी खरीद-बिक्री भी कर रहा था। पुलिस ने मिन्हाज अंसारी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश कर रही है। छापेमारी टीम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी महोदय, सिमरिया, अजय कुमार केशरी, थाना प्रभारी कुंदा, पु०अ०नि० नितेश कुमार प्रसाद, स0अ०नि जय कुमार सिंह कुंदा थाना), कुंदा थाना सशस्त्र बल के रिजर्व गार्ड और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी महोदय, सिमरिया, अजय कुमार केशरी के अंगरक्षक शामिल थे।

## डोमचांच थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना परिसर में शनिवार को होली पर्व और रमजान के मद्देनजर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। शांति समिति की अयक्षता थाना प्रभारी प्रेम कुमार ने किया। बैठक के दौरान भाजपा नेता महेंद्र प्रसाद वर्मा ने शराब पर प्रतिबंध लगाने, अधिक साउंड में डीजे पर प्रतिबंध लगाने, टैक्सी स्टैंड पर जाम की समस्या, टैक्सी स्टैंड पर स्थापित पुलिस पिकेट पर पुलिसकर्मियों के न रहने से जाम की समस्या उत्पन्न होने आदि बातों को लेकर अपनी बात रखी। वहीं बीरेंद्र मेहता ने कहा कि होली भाईचारे का त्योहार है। लोग आपस में मिल-जुलकर होली मनाएं। मौके पर शांति प्रिया, प्रदीप सिंह, सलीम अंसारी, हाजी मुस्लिम अंसारी, भरत नारायण मेहता, कोकिल यादव, राजेन्द्र यादव, मंसूर अली, कामिनी देवी, राजेन्द्र यादव आदि मौजूद थे।

## कैपिटल विश्वविद्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** कैपिटल विश्वविद्यालय चित्रगुप्त नगर स्थित विश्वविद्यालय परिसर में होली की पूर्व संया पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सांस्कृतिक समन्यवयक सुलोचना नायक द्वारा करवाया गया। इस दौरान विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, शिक्षेकत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने अबीर-गुलाल लगाकर एक-दूसरे को बधाई दी। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति मदन कुमार सैनी ने रंगो के त्योहार होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह हमें उल्लासित करने वाला पर्व है।

## शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**चंदवारा (कोडरमा)।** होली पर्व को लेकर ओपी प्रभारी प्रवीण कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को शांति समिति की बैठक की गयी। जिसमें चंदवारा प्रखंड के दोनों समुदाय के लोगों व बुद्धिजीवी और प्रबुद्ध नागरिकों के अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधियों और स्थानीय पत्रकारों ने भाग लिया। वहीं ओपी प्रभारी ने कहा कि होली पर्व शांति और सौहार्द पुर्वक मनायें। वहीं उन्होंने कहा कि उपद्रवियों पर पैनी नजर रखी जाएगी, सोशल मीडिया पर अफवाह नहीं फैलाएं इससे बचने की सलाह दी।

## स्पीड न्यूज

### लक्ष्मी नारायण महायज्ञ 30 मार्च से



उंटारी रोड। पलामू जिले के विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत सिगसीगी पंचायत मे 30 मार्च से श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस महायज्ञ 30 मार्च दिन शनिवार को कलश यात्रा (जल भरी) का भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी लोग सादर आमंत्रित है यज्ञ समिति के अध्यक्ष अनुज कुमार चौधरी ने सभी लोगो से अपील की है की हजारों हजार की संख्या में कलश यात्रा मे शामिल हो, सभी लोग सादर आमंत्रित हैं। श्री चौधरी ने बताया की महायज्ञ की तैयारी लगभग पूर्ण हो चुकी है जो 31 मार्च से 5 अप्रैल तक यज्ञ चलेगा जिसमे महा संतो द्वारा पूजन हवन प्रवचन सह डिजनी लैंड मेला मीना बजार वगैरह वगैरह की अयोजन की गई है सभी लोग इस उपस्थित हो कर पुण्य की भागी बने।

### होली मिलन समारोह का आयोजन



मेदिनीनगर। ज्ञान मंदिर स्कूल के परिसर में रंगों का त्यौहार होली के अवसर पर शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता स्कूल के निदेशक विनोद कुमार मिश्र ने की। संचालक शार्दुल सिंह ने किया। मौके पर निदेशक श्री मिश्र ने कहा कि जीवन में समरसता और जीवन में रंग भरने के लिए त्यौहार की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि होली पर्व शांति व सौहार्द के साथ मनायें। होली पर्व में लोग गिले शिकवे भूलकर आपस में गले मिलते हैं। उन्होंने कहा कि होली पर्व बुराई पर अच्छाई का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि बच्चे सावधानी के साथ रंग अबीर लगायें। किसी को कोई हानि न हो इसका ख्याल रखें। मौके पर सभी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। समारोह में शिक्षक नरेंद्र तिवारी, मुकेश सिंह, अभिषेक पांडे, दिलीप तिवारी,राजू यादव, माही सिंह, अमृता शुक्ला, सीमा सिन्हा, सुरभि, प्रीति ओझा और रानी सिंह मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन नरेंद्र तिवारी के द्वारा किया गया।

### चैनपुर प्रखंड कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन



चैनपुर पलामू। चैनपुर प्रखंड मुख्यालय परिसर के सभागार में शुक्रवार को प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी की अगुवाई में होली मिलन समारोह हुआ। समारोह में जनप्रतिनिधि एवं पंचायत समिति ने एक-दूसरे पर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। मौके पर प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी ने कहा कि रंगों का त्योहार होली सभी जाति धर्म मिलकर मनाते हैं। इसमें सभी लोग आपसी द्वेष भुलाकर एक दूसरे पर रंग लगाते हैं। उन्होंने सभी लोगों से चैनपुर प्रखंड में आपसी भाईचारे के साथ होली मनाने का अनुरोध किया। उप प्रमुख सुनील सिंह ने लोगों से कहा कि होली एक ऐसा त्योहार है जिसमें ऊंच-नीच या बड़ा-छोटा नहीं देखा जाता है। सभी लोग एक दूसरे पर रंग लगाकर एक दूसरे के गले लग जाते हैं। प्रखंड के सभी जनप्रतिनिधि को एक अभिभावक की भूमिका निभाने का अनुरोध किया। सभी अपने क्षेत्र में शांतिपूर्ण ढंग से होली मनवाने का अनुरोध किया। मौके पर बबलू चौरसिया,ध्रूप कुमार गुप्ता, प्रदीप दुबे, कमल किशोर, शुकुल रवि, संजय प्रसाद, विधायक प्रत्याशी मुन्ना कुमार सहित सैकड़ों लोग मौजूद थें।

### खनवां मे तरावीह की नमाज हुई मुक्कमल



मेदिनीनगर। सदर खनवां में रमजान के पाक महीने मे होने वाली खास नमाज तरावीह जिसे हाफिज आबिद रजा ने कारी जसीमुद्दीन शमीमी की जेरे सदारत में मुक्कमल किया। इस बार हाजी अनवर अहमद के घर पर इस मजलिस का एहतराम किया गया था। नमाज के बाद बाल कलाकारों ने अपन अपने कलाम को पेश किया। आतिफ रजा आफान रजा मायरा शेख शब्बा प्रवीण एकरा हसन फरीद ने अपने खास कलाम को पेश किया। मजलिस ए पाक में कारी जसीमुद्दीन शमीमी ने बताया कि रमजान के रोजे फर्ज किए गये हैं ताकि लोग गुनाहों से बचे और परहेजगार बन जाएं। हाफिज अख्तर साहब कि बला ने बताया की खनवां की सरजमीं पर वर्ष 2000 मे तरावीह नमाज की शुरूवात मोहमद शरीफ अंसारी मरहूम और रफीक अहमद मरहूम ने की थी जो 24 सालों से लगातार हो रही है । मजलिस मे हाफिज गुलाम रब्बानी इन्तेजामिया कमिटी के नायब सदर जनाब बदरुद्दीन अंसारी, रशीद अंसारी ,मंसूर अंसारी, शाहिद रफीक ,जावेद अहमद ,जुबैर अहमद, सैफुल्ला हुसैन , सद्दाम हुसैन, चिंटू, मिंटू ,सोनू ,शान , हबीबुल्ला, बशर, फिरोज ,वारिस ,अंसार ,नजरुल ,खलील मौजूद थे। सदर कमरुद्दीन अंसारी ने सभी आलिमो का फूलमाला पेश कर उनकी हौसला अफजाई की और सभी का शुक्रिया अदा किया।

### ग्रामीण समाज कल्याण विकास मंच को मिला एनजीओ डिजिटल अवार्ड 2024



मेदिनीनगर। 1 एनजीओ. इन के द्वारा पलामू की संस्था ग्रामीण समाज कल्याण विकास मंच को ऑनलाइन गुगल प्लेटफॉर्म के माध्यम से डिजिटल अवार्ड 2024 से अलंकृत किया गया। 1एनजीओ. इन के द्वारा पूरे भारत से तीन संस्थाओं को चयन किया गया है ।प्रथम पुरस्कार आईआरडी विजयपुर और द्वितीय पुरस्कार ग्रामीण समाज कल्याण विकास मंच को दिया गया। इस पुरस्कार में प्रशस्ति पत्र एवं नगद पैंतालिस हजार रूपए शामिल हैं। मंच द्वारा कुपोषित बच्चों को पौष्टिक आहार दिया जा रहा है। 1990 में अपने स्थापना काल से ही संस्था शिक्षा,स्वास्थ्य,बाल कल्याण, महिला सशक्तिकरण की दिशा में काम करती रही है। मंच के सचिव मो. हशमत रब्बानी तीन देशों इथोपिया,जॉर्जिया और फिलिपींस जाकर टीबी नियंत्रण के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों के लिए भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। पूरी टीम अपने को गौरवान्वित महसूस करती है। उल्लेखनीय है कि जिंदल स्टील और पॉवर लिमिटेड ने ग्रामीण समाज कल्याण विकास मंच को स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए राष्ट्रीय स्वयंसिद्धा सम्मान और एक लाख नगद दिए थे।

# अपराधिक व असामाजिक गतिविधियों पर रखें सतत निगरानी

## राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, ने पलामू, गढ़वा, लातेहार एवं चतरा जिलों में चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव के लिए सभी विभागों के पदाधिकारी आपसी समन्वय से करें कार्य : के. रवि कुमार मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड**

मेदिनीनगर। लोकसभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण, स्वच्छ, निष्पक्ष एवं भयमुक्त संपन्न कराने के लिए सभी जिलों के जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन आपसी समन्वय से कार्य-योजना तैयार कर समयबद्धता के साथ कार्य करें। भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा सभी स्तरों पर जिम्मेवारियां तय की गईं हैं जिनके शत प्रतिशत अनुपालन की अपेक्षा की गई है। तदनुसार कार्य किये जाने से निश्चय ही बेहतर परिणाम सामने आएंगे। यह बातें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार ने कही। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी शनिवार को पलामू के प्रमंडलीय मुख्यालय स्थित समाहरणालय सभागार में पलामू लोकसभा क्षेत्र के पलामू, गढ़वा, लातेहार एवं चतरा जिले के जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों के साथ लोकसभा निर्वाचन -2024 की तैयारी एवं चुनाव प्रबंधन की समीक्षा कर रहे थे। मौके पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड ने चतरा जिले के पुलिस अधीक्षक को अपने क्षेत्र के नामजद आरोपितों को अभियान चलाकर गिरफ्तार करने, प्रतिबंधित नशीले पदार्थों एवं अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई कर हजारीबाग में आयोजित अगली समीक्षा बैठक में प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने 27 मार्च तक सभी मतदान केन्द्रों पर सभी न्यूनतम सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पोस्टों पर गहनता से ध्यान रखे जाने की जरूरत है। उन्होंने सोशल मीडिया सेल, कंट्रोल रूम, यातायात प्रबंधन, संसाधन प्रबंधन, पोस्टल बैलेट, प्रशिक्षण, एमसीएमसी सहित अन्य कोषांगों को सक्रिय रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मतदान कर्मियों के लिए मेडिकल किट की सुविधा प्रदान करें, ताकि उनकी प्राथमिक चिकित्सा संभव हो सके। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य के आलोक में स्थाई और अस्थाई हैलीपैड की व्यवस्था दुरुस्त करायें। इसका संयुक्त अभ्यास करें, ताकि पोलिंग पार्टी एवं इमरजेंसी सेवाओं में इनका इस्तेमाल किया जा सके। इसके लिए अभी से ही संयुक्त प्रयास करें। मतदान केंद्रों पर पेयजल की व्यवस्था करने व शौचालय को क्रियाशील करने का निर्देश दिया।



**संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर जीरो रिस्क प्रिंसिपल पर करें कार्य, निष्पक्ष एवं भयमुक्त चुनाव हम सबों की पहली प्राथमिकता : ए.वी होमकर, राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी**

राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी ए.वी.होमकर ने जिलों के चिन्हित संवेदनशील एवं अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर कड़ी निगरानी रखते हुए जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर पर्याप्त संख्या में सीआरपीएफ एवं पुलिस बलों की तैनाती का आकलन करते हुए शून्य रिस्क प्रिंसिपल पर कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मतदान कराने के साथ-साथ ईवीएम, मतदाता एवं पोलिंग पार्टी की सुरक्षा हम सबों की पहली प्राथमिकता है। दुरूह क्षेत्र के मतदान केन्द्रों एवं कलस्टर पर पोलिंग पार्टी एवं आवश्यक सेवाओं के लिए आवागमन की व्यवस्था सुदृढ़ रखी जाए। उन्होंने डिस्पैच सेंटर से कलस्टर एवं स्ट्रांग रूम से मतदान केन्द्र तक की व्यवस्था का बिंदुवार विश्लेषण करने सहित निर्वाचन कार्य में विधि व्यवस्था संधारण से संबंधित सभी दिशा निदेर्शों का सख्ती से अनुपालन करने का निर्देश दिया।

**अंतराज्यीय चेक पोस्ट पर बलों की तैनाती कर सख्ती से करें जांच:** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार ने चुनाव को लेकर समीक्षा बैठक में कहा कि जिलों के सभी चेक पोस्ट को सक्रिय करते हुए सख्ती बरतें। पर्याप्त बल एवं दंडाधिकारी की नियुक्ति कर सघन जांच अभियान चलाकर अवैध शराब एवं शस्त्र की आवाजाही पर पूर्णतया रोक लगाने तथा सभी चेकपोस्टों पर औचक निरीक्षण करने एवं उनके कार्यान्वयन पर निगरानी रखने का निर्देश दिया।

**बैठक में जो थे उपस्थित :** समीक्षा बैठक में राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी ए. वी. होमकर, सीआरपीएफ के आईजी राकेश अग्रवाल, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड नेहा अरोड़ा, पलामू के प्रमंडलीय आयुक्त बाल किशुन मुंडा, पलामू प्रक्षेत्र के आईजी नरेन्द्र कुमार सिंह, डीआईजी सीआरपीएफ पंकज कुमार सहित पलामू लोकसभा क्षेत्र के पलामू, गढ़वा, लातेहार एवं चतरा जिले जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, आरक्षी अधीक्षक सहित लोकसभा निर्वाचन से संबंधित वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं को चार सौ का लक्ष्य पार करना है: कर्मवीर

# सभी कार्यकर्ता अपने लक्ष्य प्राप्त करें : बीडी राम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मेदिनीनगर। भारतीय जनता पार्टी पलामू की लोकसभा स्तरीय बैठक हमीदगंज स्थित जे बी रिसोर्ट में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने किया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भारतीय जनता पार्टी झारखंड के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने पलामू लोकसभा के चुनाव संचालन समिति के सदस्यों, पलामू लोकसभा के कोर कमिटी के सदस्यों ,विधानसभा के चुनाव संचालन समिति के सदस्यों, विधानसभा के कोर कमिटी के सदस्यों, सभी जिला के पदाधिकारी, मंच मोर्चा के अध्यक्ष, मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक की। मौके पर संगठन महामंत्री सिंह ने कहा कि हमारा सांसद जो भी हो उसे जिताना है और चार सौ का लक्ष्य पार करना है। सत्ता प्राप्त करना और समाज में परिवर्तन करना भाजपा का लक्ष्य है। भ्रष्टाचार के आरोप में कोई भी भाजपा का नेता आज तक जेल नहीं गया है। विकसित भारत 2047 का जो लक्ष्य है उसे लेकर हम आगे बढ़ें। सबका साथ सबका विश्वास और सब का प्रयास भी चाहिए पहले कोई भी देश का प्रधानमंत्री आते थे तो उन्हें प्रेम की निशानी ताजमहल दिखाया जाता था लेकिन आज जो प्रधानमंत्री आते हैं उन्हें सारनाथ और काशी विश्वनाथ दिखाया जाता है। देश को सजाना है आगे बढ़ाना है सिर्फ जीतना ही नहीं है लक्ष्य बहुत बड़ा लेकर चलना है। अपने लोकसभा को बड़े मोहम्मद से जीतने का कार्य करना है। इस चुनाव में भोजन बूथ पर जाकर करना है। सभी नेताओं को प्रवास कर सभाएं करनी है। दो निशान दो संविधान हटाने का काम बीजेपी ने किया है 19 करोड़ सदस्यों की भाजपा पार्टी दुनिया के सबसे बड़ी पार्टी है। प्रदेश महामंत्री राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा कि कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश विकास की नई ऊंचाईयों पर चल रहा है। इस अभियान को बढ़ाते हुए 2024 में 400 पार के लक्ष्य को प्राप्त करने का काम करना है। प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि भाजपा कार्यकताओं को पंचायत-पंचायत में केन्द्र सरकार की योजनाओं को लेकर जाना जिससे देश में 400 सीट के आंकड़ा को पार किया जा सके। भाजपा सांसद प्रत्याशी विष्णु दयाल राम ने कहा कि मैं भाजपा के शीर्ष के नेताओं का आभार व्यक्त करता हूं। हमारा कोई प्रत्याशी नहीं है हमारा प्रत्याशी कमल का फूल छाप है। मैं हर एक कार्यकर्ता से आग्रह करता हूं कि अपने बूथ पर 51% वोट का लक्ष्य प्राप्त करें। 10 साल में भाजपा ने जो कार्य किया है इसका बखूबी वर्णन लोगों के बीच करें। 2012 में मैं भाजपा में शामिल हुआ। सेवा ही लक्ष्य के साथ कमियों को उजागर करने से पहले सत्यता का ध्यान रखें। उन्होंने आग्रह कि अगर कोई भी त्रुटी रह गई हो तो कृपया मुझे क्षमा करें हम कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि विपक्ष को फायदा हो। हमारा प्रत्याशी कमल का फूल छाप है और हमें 400 का लक्ष्य पार करना है। मौके पर लोकसभा प्रभारी विनय लाल, वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम नारायण दुबे, पूर्व सांसद मनोज कुमार, घूरन राम, शिवधारी राम, विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, भानु प्रताप शाही, आलोक चौरसिया, पुष्पा देवी, जवाहर पासवान ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। बैठक का धन्यवाद ज्ञापन गढ़वा जिला अध्यक्ष ठाकुर महतो ने किया।

### महेन्द्रा आर्केड परिवार साथ जुड़ा एक नया सदस्य : सोनू नामधारी



मेदिनीनगर। काम्प्लेक्स महेन्द्र आर्केड में बैग दुकान खोला गया। इंडियन रोटी बैंक के संरक्षक एवं नेशनल कोर कमिटी के सदस्य सोनू नामधारी ने प्रतिष्ठान का उदघाटन किया। मौके पर श्री नामधारी ने कहा कि महेंद्र आर्केड परिवार के साथ एक नया सदस्य जुड़ गया है। उन्होंने कहा कि शहर में नये प्रतिष्ठान का खुलना विकास का प्रतीक है। लोगों को सहज ढंग से सामग्री मिले यह बड़ी बात है। दुकान के प्रोपराईटर शुआइब राजा ने कहा कि दुकान में सभी प्रकार के पर्स, बैग, बेल्ट उपलब्ध है। मौके पर इंडियन रोटी बैंक झारखण्ड स्टेट कार्डिनेटर साहेब नामधारी, मैनेजर कमलेश कुमार दूबे, गौरव कुमार ठाकुर, प्रमोद सिंह, सुधीर सिंह, संतन पाल, सुंदर बिहारी, सौरभ पांडेय मौजूद थे।

### हिन्डालको ने किया निः शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



शिविर का उदघाटन करते अतिथि।

पड़वा पलामू। हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस की सीएसआर टीम द्वारा गाड़ी खास के बढ़काभीठा मध्य विद्यालय में निः शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसका उदघाटन डाक्टर राकेश कुमार, माइंस मैनेजर राजु सिंह, सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती, माइंस के अश्विनी कुमार, केसी मोदक,एपी सिंह ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर डॉ राकेश कुमार ने कहा कि किसी व्यक्ति के लिए आंख बहुत ही महत्वपूर्ण अंग होता है। इसलिए इसकी सुरक्षा के प्रति हमेशा संवेदनशील रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिन्डालको ने इस तरह के आंख जांच का शिविर का आयोजन कर सराहनीय कार्य है। इस तरह के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए काफी लाभकारी साबित होता है। माइंस मैनेजर राजु सिंह ने कहा कि किसी को रोशनी देना बहुत ही पुण्य का काम होता है। सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती ने कहा कि कंपनी द्वारा पांच स्वास्थ्य केंद्र नियमित रूप से चलाया जा। आज विशेष रूप से नेत्र विशेषज्ञ चिकित्सक द्वारा आंख जांच के लिए कैंप का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि चिकित्सक के परामर्श के अनुसार निः शुल्क दवा भी दिया गया। जांच के क्रम में चिकित्सक द्वारा दस लोगों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। इस मौके पर सुहानी कुमारी, अनीता भगत, प्रभन राम, अजय मेहता, जयशंकर प्रसाद, बीरेंद्र राम सहित कई लोग मौजूद थे।

### खत्म- ए -कुरान (तरावीह) की नमाज पढ़ी गई

**खबर मन्त्र संवाददाता**



सतबरवा। जामा मस्जिद सतबरवा में 11वीं रमजान समाप्त होने पर खत्म- ए -कुरान (तरावीह) की नमाज शुक्रवार की रात्रि में पढ़ी गई। इमाम तौफीक आलम मिस्बाही के नेतृत्व में रमजान में रोजा रखने की अहमियत तथा रमजान का एक भी रोजा किसी मजबूरी में छूटना नही चाहिए और तरावीह पढ़ने से शवाब मिलने की बात बताई गई। उन्होंने बताया कि तरावीह का नमाज मर्द और औरत दोनों को पढना जरूरी है। जो लोग तरावीह की नमाज अदा करते हैं उनको पूरा कुरान पढ़ने का शवाब मिलता है। नमाजे तरावीह की अहमियत पर प्रकाश डालते हुए मौलाना मिस्बाही ने आगे कहा कि अल्लाह रमजान के दौरान रोजा रखने पर इनाम से नवाजते है। जो अल्लाह का हुक्म मानते हैं उन्हें बरकत मिलती है। यह महीना मोमिनों के लिए अल्लाह का सबसे बेशकीमती तोहफा है। इस दौरान नमाजियों ने इमाम साहब से गले मिले एवं माला पहनाकर इस्तकबाल किया।

### जोगा में मुखिया कमला देवी के आवास पर हुआ होली मिलन समारोह का आयोजन

उंटारी रोड पलामू। जिले के उंटारी रोड प्रखंड के जोगा पंचायत के जोगा ग्राम में पंचायत की मुखिया कमला देवी के आवास पर शुक्रवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह के अवसर पर मुखिया पति सह वरिष्ठ समाजसेवी रामकृष्ण पाल ने मौजूद सभी लोगों को अबीर गुलाल लगाकर होली की अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं दिया वहीं भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें गढ़वा जिले के महशुर गायक कौशल मधुर, रामप्रवेश चौधरी व उनके टीम ने एक से बढ़कर एक होली गीतों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध ही नहीं बल्कि श्रोताओं को झूमने पर भी मजबूर कर दिया। वरिष्ठ समाजसेवी श्री पाल ने कहा कि होली आपसी एकता व भाईचारे को बढ़ावा देता है। होली पर्व सभी तरह के गिले शिकवे से दूर होकर आपसी एकता के साथ मनाना चाहिए।

## बिरजा गांव के 750 मतदाताओं ने लोकसभा में मतदान नही करने का लिया निर्णय

# बिरजा गांव का बूथ 2009 में ही कुल्ही में किया गया है स्थांतरित, ग्रामीण बोले- बिरजा में बूथ नहीं तो वोट नहीं

**वर्ष 1960 से बिरजा में था बुथ, ग्रामीण बोले- राजनीति षड्यंत्र के तहत कुल्ही में किया गया है स्थांतरित**

**अमित चौधरी**


वोट वहिष्कार को लेकर विरोध जताते बिरजा के मतदाता।

उंटारी रोड पलामू। जिले के उंटारी रोड प्रखंड के जोगा पंचायत के ग्राम बिरजा और कूल्ही में बूथ विवाद पिछले 15 वर्षों से चल रहा है। बिरजा के मतदाताओं का कहना है कि वर्ष 1960 से बिरजा में बुथ था लेकिन2009 में एक राजनीतिक साजिश के तहत बुथ को दो किमी दूर कुल्ही में स्थांतरित कर दिया गया है। जिसे लेकर बिरजा के ग्रामीणों ने शनिवार को वोट बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। ग्रामीण शिवकुमार चौधरी, गोविंद चौधरी, नरेश चौधरी, बिमल चौधरी, विजय कुमार महतो, राजेंद्र चौधरी, रामजी चौधरी, शंकर चौधरी, राजपतिया देवी, शकरी देवी, अनिता देवी, कल्पतिया देवी, कुन्ती देवी, चंद्रिका चौधरी, श्रद्धा देवी, ममता देवी, सबिता देवी, अनिता देवी, सहित कई मतदाताओं ने कहा कि जब तक हमारा बूथ कुल्ही से बिरजा नहीं होता है, तब तक हमलोग वोट का बहिष्कार करेंगे, व वोट नहीं करेंगे, ग्रामीणों का कहना है कि बूथ नही तो वोट नहीं। अभी दोनो गांवों का बूथ कुल्ही में ही है, ग्राम बिरजा के ग्रामीणों का कहना है की हम लोग कुल्ही वोट डालने नहीं जायेंगे, चुनाव के समय बूथ स्थानांतरण को लेकर अधिकारियों के द्वारा केवल आश्वासन ही दिया जाता है। जिसको लेकर ग्रामीणों ने कई बार विरोध प्रदर्शन भी किया है लेकिन अभी तक प्रशासन की ओर से कोई पहल नहीं किया गया।

## एक नजर में

### आपसी एकता व भाइचारे को बढ़ावा देता है होली पर्व : मुखिया कमला देवी



उंटारी रोड पलामू। प्रखंड के जोगा पंचायत के जोगा ग्राम में पंचायत की मुखिया कमला देवी के आवास पर शुक्रवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह के अवसर पर मुखिया पति सह वरिष्ठ समाजसेवी रामकृष्ण पाल ने मौजूद सभी लोगों को अबीर गुलाल लगाकर होली की अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं दिया वहीं भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें गढ़वा जिले के महशुर गायक कौशल मधुर, रामप्रवेश चौधरी व उनके टीम ने एक से बढ़कर एक होली गीतों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध ही नहीं बल्कि श्रोताओं को झूमने पर भी मजबूर कर दिया। वरिष्ठ समाजसेवी श्री पाल ने कहा कि होली आपसी एकता व भाईचारे को बढ़ावा देता है। हमे होली पर्व को सभी तरह के गिले शिकवे से दूर होकर आपसी एकता के साथ मनाना चाहिए जिससे पर्व का महत्व और बढ़ जाता है। मिलन समारोह में उपमुखिया रूपेश सिंह, शंकर राम,दशरथ साह,अजीत श्रीवास्तव, वार्ड सदस्य गोबिंद चौधरी, सीताराम साह, हिमांशु पाठक,संजय सिंह,चंदन चौधरी सहित कई लोग मौजूद थे।

### ऑर्गेनिक हर्बल अबीर-गुलाल एवं खाद्य सामग्री का लगा स्टॉल



मेदिनीनगर। होली के मद्देनजर दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत नगर निगम द्वारा गठित महिला स्वयं सहायता समूहों के द्वारा हर्बल अबीर गुलाल एवं खाद्य सामग्री तैयार कर बिक्री किया जा रहा है। कचहरी परिसर, शहर के छहमुहान , रेड़मा चौक, सद्दीक मंजिल चौक, एवं बेलवाटीकर गांधी उद्यान पार्क के समीप स्टॉल लगाया गया। निगम के सीओ राजन सिंह,रिम्पी कुमारी ने बताया कि इस वर्ष 5 टन हर्बल अबीर गुलाल तैयार किया गया है। सीआरपी सावित्री कुमारी, चांदनी, ज्योति, सुनीता की देखरेख में हर्बल अबीर गुलाल एवं खाद्य सामग्री का निर्माण तथा बिक्री किया जा रहा है। बिक्री स्टॉल संभाल रहे समूह के सदस्यों ने बताया कि सभी प्रोडक्ट गुणवत्ता युक्त है। लोग अपनी जरूरत के मुताबिक खरीददारी कर रहे हैं। नगर निगम के सीएमएम सतीश कुमार एवं अभिषेक कुमार के मुताबिक शहर के सात स्वयं सहायता समूह के लोगों द्वारा गुलाब के फूल, गेंदा के फूल, पलाश के फूल,उड़हुल के फूल,बीट,पालक साग आदि के रस से ऑर्गेनिक रंग अबीर-गुलाल का निर्माण किया गया है। इसमें किसी प्रकार के रासायनिक केमिकल नहीं है जिस कारण होली के मौके सभी लोग इसका उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने सभी लोगों से ऑर्गेनिक रंग एवं अभी का उपयोग करने का अनुरोध किया है। मौके पर सुषमा देवी, रूबी, किरण अग्रवाल, नीलम, बेबी, श्रद्धा, सुनीता, रेणु, आरती, पूनम, मंजू देवी, डोली देवी, सोनी देवी, उमा देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### रंगों के त्यौहार में रंगीन हुई जपला बाजार



हुसैनाबाद पलामू। हुसैनाबाद क्षेत्र में होलियाना महौल चरम पर हैं। रंगों के इस पावन त्यौहार को लेकर बाजार में सजे रंग बिरंगे अबीर गुलाल से बाजार रंगीन हो गयी हैं। वंही प्रतिष्ठानों व वाहनों पर बजते होली गीतों को सुनते हुए लोग मस्त मगिना फागुन के आनंद में पूरा शहर सराबोर हो गया है। ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में एक ओर होलिका दहन के तैयारी में अगजा की लकड़ी के जुगाड़ में जुटे दिखे। वही शहर के बाजार में सजी पिचकारी और रंग अबीर गुलाल के दुकान में खरीददारी करने वाले लोगो की भीड़ देखी गयी। जपला स्टेशन रोड से लेकर मुख्य बाजार और गांधी चौक तक सैकड़ो रंग बिरंगे दुकान ने पूरे वातावरण को खुशनुमा बना दिया हैं। कई स्थानों मंदिरों और भजन मंडली में लोग एक से बढ़कर एक होली की पारंपरिक गीतों और झाल तासा के साथ मनोरंजन करते हुए नजर आए। इस बार शास्त्रों के अनुसार होलिका दहन 24 मार्च को सर्वश्रेष्ठ मुहूर्त रात 11:13 से लेकर रात 00:27 तक होने की बात बताई गई हैं।

### राष्ट्रीय समाजिक जनकल्याण संगठन ने मनाई भगतसिंह की पुण्यतिथि



हुसैनाबाद पलामू। शहर के देवरी रोड स्थित यादव कांप्लेक्स में शहीद ए आजम भगत सिंह की 93 वीं शहादत दिवस मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कमनिस्ट नेता भोला सिंह ने की जबकि संचालन हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष सह राष्ट्रीय सामाजिक जनकल्याण संगठन के अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने किया। कार्यक्रम से पूर्व सभी लोगो ने स्वतंत्रता संग्राम के महानायक व शहीदे ए आजम भगत सिंह के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किया एवं फिर सभी लोगो ने उनके जीवन चरित्र पर चर्चा किया। नेताओं ने कहा कि भगतसिंह कम उम्र में देश के अपने आप को बलिदान कर दिया जो विश्व के लिए प्रेरणा हैं। आज पुन: इस देश मे एक भगत सिंह की जरूरत हैं। मौके पर हरी यादव सुभाष सिंह, विजय प्रसाद यादव, सुरेश प्रसाद यादव, विगन प्रजापति, प्रमोद कुमार रजक, बुटन यादव, श्रवण यादव, बैजनाथ प्रसाद, अरविंद कुमार सिंह, रामकेश्वर मेहता अभिमयु सिंह, राजेंद्र पासवान, अनूप कुमार सिंह ने बारी बारी से शहीद ए आजम भगत सिंह की जीवनी पर प्रकाश डाला ।

### चार घरों में चोरी की घटना को दिया अंजाम

मोहम्मदगंज पलामू। थाना क्षेत्र में एक ही रात्रि में दो अलग अलग गांवो से दो दुकान और दो घरों को निशाना बनाया है।शनिवार की रात्रि में कादलकुर्मी गांव में नंदकिशोर कुमार के सीएसपी और इलेक्ट्रिक दुकान से 40 हजार नकद सहित एक लैपटॉप,12 ब्लैंक चेक,वायर का बंडल,एलईडी लाइट,होल्डर की चोरी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई। दूसरी चोरी की घटना इसी गांव के मनीष कुमार के घर में घटी,यहां भी चोर रात्रि में घर में घुसकर एक सैमसंग एंड्राइड फोन चोरी कर ले गया। वही तीसरी घटना इसी गांव के प्रसिद्ध चंद्रवशी के गुमटी से 3 हजार नकद सहित 15 लीटर सरसो तेल का एक डब्बा की चोरी कर ली गई।चौथी घटना मोहम्मदगंज रविवारीय बाजार स्थित शंकर साव के चार दिवारी में रखे हैंड बोर के उपयोग होने वाला 4 लोहे का पाइप की चोरी कर ली गई।

